

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 11 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-043 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### संसद का सत्र बुलाना चाहिए: सिब्बल

**नई दिल्ली,11 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते पर सीनियर वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के साथ है. उन्होंने कहा कि अभी की स्थिति के हिसाब से जल्द संसद का सत्र बुलाना चाहिए। कपिल सिब्बल ने कहा कि पीएम मोदी पहलगाम क्यों नहीं गए, इस पर भी सवाल उठता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द ही ऑल पार्टी मीटिंग बुलानी चाहिए पीएम को सारे सवालों का जवाब देना चाहिए। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर से बयान दिया है। ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर को लेकर दोनों देशों की साहसिक और निर्णायक की सराहना करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान के युद्ध से लाखों निर्दोष लोग मारे जाते। दोनों देशों की आपसी सहमति से ये समझौते हुआ है। मुझे आप दोनों पर गर्व है। हम मिलकर अब कश्मीर का समाधान भी निकल सकते हैं। सोशल मीडिया में की गई एक पोस्ट में ट्रंप ने इस कदम को ऐतिहासिक और मानवीय करार दिया।

### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी यात्री बस

**कोरबा,11 मई।** जिले में एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। यह बस कोरबा



से जशपुर जा रही थी। कोरकोमा बताती के पास यह हादसा हुआ है। हादसे में दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई और तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों की माने तो यात्रियों से भरी बस कोरबा से जशपुर जा रही थी। कोरबा से निकलने के बाद बताती कोरकोमा के बीच बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया इसके बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया और यात्री चीख पुकार मचाने लगे। जहां कुछ यात्री तो अपने से बाहर निकाल गए। वहीं कुछ लोग बस में ही फंस गए। जिन्हें यात्रियों और राहगीरों की मदद से किसी तरह बाहर निकाला गया।

### वेव पुल में डूबने से बालक की मौत

**राजनांदगांव,11 मई।** पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित आमगांव से परिजनों के साथ राजनांदगांव के इंदामरा स्थित एक्का विलेज वाटर पार्क में नहाने आये एक 13 वर्षीय बालक की शुक्रवार को डूबने से मौत का मामला सामने आया है पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतक बालक अंशुल भंडारकर अपनी मां, मौसी और भाई के साथ एक्का विलेज वाटर पार्क आया था । एक्का विलेज वाटर पार्क में बालक के डूबने से मौत के मामले को लेकर बताया जा रहा है कि बालक अपने परिजनो के साथ वाटर पार्क में पहुंचा था । इस दौरान सभी चेंजिंग रुम में कपड़े बदलने गए थे। मृतक बालक सबसे पहले निकलकर वाटर पार्क में स्थित वेव पुल में जा पहुंचा, जहां पांच मिनट का वेव मूवमेंट जारी था। इसी दौरान बालक की डूबने से मौत हो गई। लालबाग थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि मृतक बालक मानसिक रूप से कमजोर था । उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक अंशुल भंडारकर के पिता दंतेवाड़ा जिले में सीआरपीएफ में सूबेदार के पद पर पदस्थ है।

इंदामरा स्थित एक्का विलेज वाटर पार्क में सैकड़ो की संख्या में लोग आते हैं।

इसके बावजूद यहां सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आता है । इसके चलते उक्त हादसा होना बताया जा रहा है। बहरहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है ।

# ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी : वायुसेना

**नई दिल्ली,11 मई।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की खबरों के बीच भारतीय वायु सेना ने बड़ी जानकारी दी है। भारतीय वायुसेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। IAF ने कहा कि हमने इस ऑपरेशन के लक्ष्य को पूरा किया है और इसके बारे में डिटेल में जानकारी दी जाएगी। आईएएफ ने ट्वीट करते हुए लिखा कि- भारतीय वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने सौंपे गए कार्यों को सटीकता और व्यावसायिकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से संचालित किए गए।

वायुसेना ने ट्वीट में कहा, चूंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए समय आने पर विस्तृत ब्रीफिंग की जाएगी। भारतीय वायुसेना सभी से अटकलों और असत्यापित सूचनाओं के प्रसार से बचने का आग्रह करती है। वायुसेना ने मीडिया और आम जनता से संयम बरतने और केवल आधिकारिक सूत्रों पर भरोसा रखने की बात कही है।

## भारत-पाक के सीजफायर के बाद मोदी की हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली,11 मई।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद आज (रविवार) को पीएम नरेंद्र मोदी अपने आवास पर हाईलेवल मीटिंग ले रहे हैं। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल साथ ही आईबी और रॉ के चीफ मौजूद हैं।



**अमृतसर बॉर्डर पर आतंकी साजिश नाकाम**–भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल के बीच पंजाब में भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं. इस दौरान पुलिस को बड़ी मात्रा में ञ्छङ्ग और हैंड ग्रेनेड मिले हैं. पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इसकी पुष्टि की है. बीएसएफ और अमृतसर पुलिस ने मिलकर एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है. इन हथियारों की जानकारी पुलिस को गांव चकबाला के लोगों ने दी थी, जिसके बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई की. हथियारों को ज़ब्त कर लिया गया है. पुलिस ने एक्सप्लोसिव सब्स्टेंसेस एक्ट, आर्म्स एक्ट और एयरक्राफ्ट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है. आसपास के इलाकों में जांच जारी है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

# सेना की धमक रावलपिंडी तक पहुंची भारत ने पाक में घुसकर मारा : राजनाथ

**नई दिल्ली,11 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान में घुसकर हमला किया है। उन्होंने कहा, जिन भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला करके कई परिवारों के सिंदूर मिटाए थे, उन्हें भारतीय सेना ने 'आपरेशन सिंदूर' के माध्यम से इंसाफ दिलाने का काम किया है। इसके लिए आज सारा देश भारतीय सेनाओं का अभिनंदन कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई भर नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति का और सैन्य शक्ति की क्षमता और संकल्प शक्ति का भी प्रदर्शन है। हमने दिखाया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जब भी कोई कार्रवाई करेगा तो आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी। रक्षा मंत्री ने कहा, भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढहाने के उद्देश्य से लॉन्च किया था। हमने उनके आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया था। मगर पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा और गिरिजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम के साथ-साथ संयम का भी परिचय देते हुए पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया है। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही नहीं कार्रवाई की बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है।

## अपनी जिम्मेदारी समझे पड़ोसी मुल्क, सेना को ठोस कदम उठाने के आदेश : एमईए

**नई दिल्ली,11 मई।** सीजफायर की घोषणा के बाद भी पाकिस्तान ने आज इसका घोर उल्लंघन किया है। भारत के क्षेत्र में पाकिस्तान के ड्रोन देखने को मिले। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब दिया है। विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का घोर उल्लंघन किया गया है। पाकिस्तान में विश्वास को तोड़ा है। पाकिस्तान इसको गंभीरता से समझे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए ठोस निर्देश दिए गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री का कहना है, ÷भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच पिछले कुछ दिनों से चल रही सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए आज शाम एक सहमति बनी। पिछले कुछ घंटों से पाकिस्तान की ओर से इस सहमति का उल्लंघन किया जा रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और सीमा पर इस घुसपैठ से निपट रही है। यह घुसपैठ बेहद निंदनीय है और इसके लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है। हमारा मानना ??है कि पाकिस्तान को इस स्थिति को ठीक से समझना चाहिए और इस घुसपैठ को रोकने के लिए तुरंत उचित कार्रवाई करनी चाहिए।÷ विक्रम मिस्त्री ने कहा, ÷सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं.

## उसकी फितरत है मुकर जाने की : थरूर

**नई दिल्ली,11 मई।** पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन पर पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शायराना अंदाज में हमला बोला है। कांग्रेस सांसद ने सोशल मीडिया एक्स पर तंज करते हुए लिखा, 'उसकी फितरत है मुकर जाने की उसके वादे पे यकीं कैसे करूँ? दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच बीते दिन (10 मई, 2025) सीजफायर का ऐलान किया गया, लेकिन इसके करीब 3 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए भारत में कई जगहों पर ड्रोन से हमला करने की कोशिश की। पाकिस्तान की इस हरकत पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सायराना अंदाज में हमला बोला। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक्स पर लिखा, ÷उसकी फितरत है मुकर जाने की, उसके वादे पे यकीं कैसे करूं?' इससे पहले सीजफायर समझौते पर कांग्रेस सांसद ने कहा, ÷मुझे इस बात की खुशी है। शांति सबसे ज्यादा जरूरी है। भारत कभी भी एक लंबे युद्ध के पक्ष में नहीं था, लेकिन भारत आतंकवादियों को एक कड़ा सबक सिखाना चाहता था और भारत ने सभी आतंकवादियों को सबक सीखा दिया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर कहते हैं, 'हम उस स्थिति में पहुंच गए थे, जहां तनाव बेवजह बेकाबू हो रहा था. हमारे लिए शांति



जरूरी है। सच तो यह है कि 1971 के हालात 2025 के हालात नहीं हैं। मतभेद हैंज यह ऐसा युद्ध नहीं था, जिसे हम जारी रखना चाहते थे। हम बस आतंकवादियों को सबक सिखाना चाहते थे और वह सबक सिखाया जा चुका है। मुझे यकीन है कि सरकार पहलगाम की भयावहता को अंजाम देने वाले खास लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने की कोशिश जारी रखेगी।

## सीजफायर ऐलान के बाद पाक में जश्न का माहौल

**करांची,11 मई।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया है। शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सबसे पहले भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर की। इसके बाद भारत और पाकिस्तान ने इसकी घोषणा की। सीजफायर ऐलान के बाद पाकिस्तान में जश्न का माहौल देखा गया। सीजफायर ऐलान होते ही पाकिस्तानी सड़कों पर निकलकर पटाखे फोड़े और डांस किया। इस दौरान पाकिस्तान का ऐसा नजारा दिखा मानो उसने भारत से जंग जीत ली है। पाकिस्तानियों ने जश्न मनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बता दें कि 22 अप्रैल 2025 को आतंकियों ने पहलगाम में हमला कर टारगेट किलिंग करते हुए 25 हिंदू पर्यटकों



समेत 26 लोगों की हत्या कर दी थी। हमले के बाद भारतीय सेना ने 6 मई को ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करते हुए पाकिस्तान और पीओके में कुल 9 जगहों पर एयर स्ट्राइक की थी। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई थी।

# मुझे आप दोनों पर गर्व है : ट्रंप

**वाशिंगटन,11 मई।** भारत-पाकिस्तान के सीजफायर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने



एक बार फिर बयान दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के युद्ध से लाखों निर्दोष लोग मारे जाते। दोनों देशों की आपसी सहमति से ये समझौते हुआ है। मुझे आप दोनों पर गर्व है। हम मिलकर अब कश्मीर का समाधान भी निकल सकते हैं। सोशल मीडिया में की गई एक पोस्ट में ट्रंप ने इस कदम को ऐतिहासिक और मानवीय करार दिया। ट्रंप ने कहा कि यह युद्ध विनाश कारण बन सकता था और लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। उन्होंने कहा, ÷मैं भारत और पाकिस्तान के मज़बूत और नेतृत्व पर गर्व करता हूं। उन्होंने समय रहते यह समझ लिया कि इस संघर्ष को रोकना आवश्यक था, जिससे लाखों निर्दोष जानें बचाई जा सकीं। यह निर्णय न केवल बहादुरी भरा है, बल्कि इन दोनों देशों की विरासत को और गौरवशाली बनाता है। आपके इस साहसी कदम ने आपकी विरासत को और मजबूत किया है। ट्रंप ने आगे लिखा, मुझे गर्व है कि अमेरिका इस ऐतिहासिक और साहसी फैसले तक पहुंचने में आपकी मदद कर सका. इसके अलावा, मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या हजार साल बाद कश्मीर के मुद्दे का कोई समाधान निकाला जा सकता है।

# चिदंबरम ने की मोदी की युद्ध नीति की जमकर तारीफ

## बोले- भारत का जवाब संतुलित और बुद्धिमतापूर्ण

**नई दिल्ली,11 मई।** कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने पीएम नरेंद्र मोदी की युद्ध नीति की तारीफ की है। कांग्रेस नेता ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को बुद्धिमतापूर्ण और संतुलित भरा कदम बताया है। पी चिदंबरम ने एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित अपने कॉलम में प्रधानमंत्री के युद्ध नीति की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद देश में बदला लेने की आवाजें तेज थीं, लेकिन सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया। कांग्रेस ने आगे लिखा है कि भारत की सैन्य कार्रवाई सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों की बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। चिदंबरम ने अपने कॉलम में इस कार्रवाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समझदारी भरा कदम बताया, क्योंकि इससे भारत ने पूर्ण युद्ध की स्थिति को टालते हुए वैश्विक स्थिरता को प्राथमिकता दी। चिदंबरम ने कहा कि मोदी के 2022 में व्लादिमीर पुतिन से कहे गए शब्द-यह युद्ध का युग नहीं है आज भी दुनिया को याद हैं। यही वजह है कि कई देशों ने भारत को निजी तौर पर युद्ध न करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और पूर्ण युद्ध न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक अस्थिरता पैदा कर सकता था। उन्होंने रूस-यूक्रेन और इज़राइल-गाजा संघर्षों का उदाहरण देते हुए कहा कि अब दुनिया युद्ध को बर्दाश्त नहीं कर सकती। चिदंबरम ने सरकार की 7 मई की सैन्य कार्रवाई को ÷वैध और लक्ष्य केंद्रित÷ बताया, जिसमें पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (क्कशय्य) के नौ ठिकानों पर



मिसाइल और ड्रोन हमले किए गए। उन्होंने सराहना की कि भारत ने नागरिक इलाकों या पाकिस्तानी सेना पर सीधा हमला नहीं किया। चिदंबरम ने कहा, 'पाकिस्तान ने विमान मार गिराने के बारे में व्यर्थ दावे किए लेकिन एक साक्षात्कार में, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री हकलाते रह गए और इसके समर्थन में कोई सबूत नहीं दे पाए। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि यह मान लेना जल्दबाज़ी होगी कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और द रेजस्टिंस फ्रंट जैसे आतंकी समूह पूरी तरह समाप्त हो गए हैं।

# पुतिन का जेलेंस्की को आमने-सामने बैठकर बात करने का प्रस्ताव

**मॉस्को,11 मई।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत करने का प्रस्ताव रखा है। पुतिन ने इस बातचीत बिना देरी किए 15 मई से शुरू करने की बात कही है। रूसी राष्ट्रपति ने 15 मई को तुर्की के इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ होने वाली इस बातचीत के लिए पहले से कोई शर्त नहीं रखी है। पुतिन की ओर से यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार इस तरह का प्रस्ताव आया है। यूक्रेन और रूस में बीते 39 महीने से (फरवरी, 2022 से) लड़ाई चल रही है। इस पक्ष में दोनों पक्षों खासतौर से यूक्रेन में जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। पुतिन ने शनिवार को एक लीविजन संबोधन में कहा कि रूस गंभीर बातचीत चाहता है, ताकि यूक्रेन के साथ संघर्ष के मूल कारणों को दूर करते हुए एक स्थायी शांति की ओर बढ़ा जा सके। यह बयान यूके के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल



मैक्रों के यूक्रेन दौरे के कुछ घंटे बाद आया है। इन नेताओं ने रूस से बिना शर्त 30 दिनों के युद्धविराम के लिए सहमत होने का आग्रह किया था। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इसके जवाब में कहा था कि मॉस्को इस पर विचार करेगा लेकिन किसी दबाव में नहीं आएगा। पुतिन ने अपने बयान में कहा कि वह तुर्की के शहर इस्तांबुल में वार्ता के जरिए रूस-यूक्रेन में युद्धविराम और शांति पर सहमति की संभावना को खारिज नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि वह रविवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से इस बैठक की रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए बात करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ओर से अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं आया है। फ्रांस, जर्मनी, यूके और पोलैंड और यूरोप के कई नेताओं ने हाल ही में यूक्रेन का दौरा कर वहां के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की है। इन नेताओं ने रूस को चेतावनी दी कि अगर वो 30 दिन के लिए लड़ाई नहीं रोकता है तो उस पर और भी पाबंदियां लगाई जाएंगी। यूके के प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने भी कहा है कि रूस को लड़ाई रोकनी चाहिए। इस पर रूस ने कहा है कि उस पर दबाव डालने की रणनीति से किसी को कुछ हासिल नहीं होगा। यूरोपीय नेताओं को दबाव ना डालने की बात कहते हुए कड़ा संदेश देने के बाद पुतिन ने अपने रुख में बदलाव लाते हुए बातचीत का प्रस्ताव दिया है।

## घर में शादी के बाद खाना खाने पहुंचा भालू

**कांकेर,11 मई।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले स्थित दशपुर गांव में बीती रात एक शादी वाले घर में भालू खाना खाने के लिए आ धमका. भालू को देखते ही वहां अफरा-तफरी मच गई. लोग डर से वहां से भागने लगे और घर के अंदर घुस गए. भालू ने घर के बाड़ी में रखा पूरा तेल पीकर चट कर दिया. इस दौरान लोगों ने घर की छत से उसका वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भालू के हमले का शिकार नहीं हुआ. लेकिन आय-दिन इलाके में भालुओं के आने और ग्रामीणों पर हमले से लोगों में डर का माहौल है. बता दें, इन दिनों भालू का आतंक दशपुर के ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है. स्थानीय लोगों के मुताबिक, भालू रोजाना शाम होते ही गांव की ओर



आ जाता है, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है. कुछ दिन पहले भी भालू ने गांव के 2 ग्रामीणों पर हमला किया था. वन विभाग को इस घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ग्रामीणों ने सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है.

## कार ने बाइक को मारी टक्कर,3 की मौत

**देवभोग,11 मई।** गरियाबंद जिले के देवभोग थाना क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला सामने आया है. कार ने बाइक को टक्कर मारकर घायल लोगों को तड़पते हालात में छोड़कर भाग निकली. समय पर एम्बुलेंस भी नहीं




पहुंचा, जिसके चलते मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई. यह हादसा उरमाल गांव के पास हुआ. पुलिस घटना की जांच में जुटी है. बता दें कि इस मौत के बाद जिले में पिछले 17 माह में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है. मिली जानकारी के मुताबिक, एक बाइक में सवार व्यक्तियों को कार वाहन क्रमांक सीजी 23एन6737 ने टक्कर मारकर मौके से भाग निकली. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान पंचायत सचिव छबि नायक, मूंगिया निवासी पूर्व पंचायत प्रतिनिधि गणपति नायक और मुखागुड़ा के महेश कश्यप के रूप में की गई है. थाना प्रभारी फैजुल हुडा शाह ने घटना की पुष्टि की है. थाना प्रभारी ने बताया कि नम्बर प्लेट के आधार पर वाहन की पहचान की जा रही है. बाइक सवार तीनों युवकों को एम्बुलेंस से देवभोग अस्पताल लाया गया, जहां तीनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक और कार की टक्कर दूर तक सुनाई दी. चालक के अलावा बाइक सवार तीनों 10 फीट उछलकर जा गिरे. घटना के बाद तीनों की सांसें चल रही थी. मौके पर से लोगों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया. नजदीकी अस्पताल अमलीपदर पड़ता है पर यहां एंबुलेंस सेवा नहीं थी. लिहाजा 17 किमी दूरी से एंबुलेंस घटना के 40 मिनट बाद पहुंची. तब तक घायलों की सांसे उखड़ गई थी. तीनों को अस्पताल में लाने के बाद मृत घोषित किया गया.

# नया रायपुर में पोल से टकराकर कार में लगी आग, युवक की मौत

**रायपुर,11 मई।** राजधानी में फिर से रफ्तार का कहर देखने को मिला है। नया रायपुर के सेक्टर 17 में तेज रफ्तार अनयंत्रित होकर स्ट्रीट पोल में जा भिड़ी। टक्कर के बाद कार के पुर्जे काफी दूर तक जा गिरे। वाहन पूरी तरह जलकर जलकर खाक हो गई। कार चला रहे युवक गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान मृतक के अलावा दो युवक भी सवार थे। दोनों को गंभीर चोटें आई है। कार सवार सभी युवक शराब के नशे में धुत्त थे। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नया रायपुर में शदाणी दरबार निवासी युवक गौतम सतवानी नवा रायपुर की सड़कों पर तेज रफ्तार में कार दौड़ा रहा था। कार में गौतम के साथ प्रियांशु सचदेव और अविराज सवार थे। उनकी कार सेक्टर 17 में अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में स्ट्रीट पोल से टकरा गई। हादसे में गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रियांशु और



अविराज दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। हादसा इतना भीषण था कि कार के पुर्जे बिखर कर 30 फीट जा दूर गिरे हैं। स्ट्रीट पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद कार में देखते ही देखते आग लग गई, जिसके चलते वाहन जलकर खाक हो गई। सूचना पर पुलिस घटनास्थल में पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## एक नजर

### समर कैंप में बच्चों को सिखाया अच्छे कर्म और नैतिक मूल्य



**भिलाई, 11 मई ।** रिसाली स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए एक विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नैतिक शिक्षा, सद्गुणों का विकास, और सकारात्मक जीवन मूल्यों की शिक्षा देना रहा। ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने बच्चों को अच्छे कर्म करना, बड़ों का सम्मान करना, आपस में सहयोग करना, राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेवारी, गर्मियों में पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा करने जैसे जीवनोपयोगी पाठ सिखाए गएकार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता पिता,शिक्षक, और परमात्मा शिव के प्रति रंग-बिरंगे वैल्यू ग्रीटिंग काड्र्स बनाकर अपनी सच्ची निश्चल भावनाओं द्वारा अपने विचार, सद्गुण, और प्रेरणादायक संदेश लिखे। इसके साथ ही वेस्ट से बेस्ट की कला के अंतर्गत बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं से सुंदर चीज़ें बनाना सीखा, जिससे उनमें रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत हुई।

### विवाद में युवक की हत्या



**भिलाई, 11 मई ।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के तेज रफ्तार गाड़ी चलाने की बात को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने मिलकर युवक पर प्राण घातक हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची उतई पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि प्रार्थिया श्रीमती शांति खुटियारे निवासी ग्राम छाटा ने शिकायत दर्ज कराई की 8 मई की रात को 8.30 बजे उसका लड़का हरकिशन बस्ती की तरफ से अपनी मोटरसाइकिल से घर की ओर आ रहा था। इस समय उसके पड़ोस में रहने वाली नूपुर अपने बच्चे, पति एवं दो देवर के साथ रोड में बैठी थी हरिकिशन उसके बगल से मोटरसाइकिल चलाते हुए निकला तो नूपुर उससे बोली कि तू गाड़ी कैसे चल रहा है मेरे बच्चे को मार डालेगा क्या और गाली गलौज करने लगी। इस दौरान नूपुर का पति शंकर, शंकर के भाई प्रदीप और ज्ञानेश्वर भी आ गए। प्रदीप स्टील का पाइप तथा शंकर और ज्ञानेश्वर ने हाथ में डंडा लेकर प्रार्थिया के घर के सामने आए और हरकिशन को पकड़कर उसके साथ जमकर मारपीट की इसके बाद रोड के किनारे बने पक्की नाली में धकेल दिया मारपीट करने से हरकिशन बेहोश हो गया। इसके बाद सभी आरोपी वहां से चले गए थे। प्रार्थिया अपनी बहू सोनी के साथ हरकिशन खुटियारे को नाली से उठाकर घर लाई। घर के अंदर पलंग पर सुला दी थी। जब हरकिशन को खाना खाने के लिए उठाया गया तो उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। उसे तुरंत अस्पताल लेकर जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी शंकर घटे (30 साल), श्रीमती नूपुर घटे (25 साल), प्रदीप भोगरे (20 साल), ज्ञानेश्वर भोगरे (24 साल) सभी निवासी चार ठाना, जिला जलगांव, महाराष्ट्र हाल मुकाम ग्राम छाटा को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है।


### हत्या का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 11 मई ।** भिलाई हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा धारा 109 बीएनएस एक्ट के तहत कार्रवाई है कुम्हारी टीआई जेआर कुर्रे ने बताया कि आरोपी अजय यादव ;34 वर्षद्ध निवासी ग्राम कुगदा भरतनगर वार्ड 20 थाना कुम्हारी ने अपने जीजा कांता यादव को डंडा लाठी एवं लोहे के सब्बल से मारपीट कर हत्या करने का प्रयास किया इससे कांता यादव अचैत होकर नीचे जमीन पर गिर गया उसे आरोपी मरा हुआ समझकर जमीन में घसीटते हुए रेलवे लाइन मैदान में फेंक दिया मामले में कुम्हारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी अजय यादव को गिरफ्तार कर लिया है।



### फरार डायरेक्टर गिरफ्तार

**भिलाई, 11 मई ।** भिलाई वाया बिल्डर एवं डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के फरार डायरेक्टर्स को जशपुर से पुलिस ने गिरफ्तार किया आरोपी जशपुर की सेंट्रल जेल में निरुद्ध थे पुलिस प्रोटेक्शन वारंट पर भिलाई लाई पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तवर ने बताया कि गौतम नगर निवासी शहनाज ने शिकायत की डायरेक्टर जितेन्द्र बिसे (45 साल) इंदौर निवासी है उसने झांसा दिया था कि उसकी कंपनी में इनवेस्ट करने पर दोगुना राशि देगा। लोगों ने इनवेस्ट कर दिया इसके बाद डायरंक्टर कंपनी बंद कर फरार हो गया खुर्सीपार पुलिस उसकी खोजबीन कर रही थी पता चला कि वह जशपुर सेंट्रल जेल में बंद है पुलिस उसे प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाई उसके खिलाफ धारा 420, 120 बी और छत्तीसगढ़ निवेशकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 के तहत कार्रवाई की गई बताया जा रहा है कि वह कई लोगों से ठगी किया है वर्ष 2015 से जशपुर जेल में बंद था ।



# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा, 11 मई।** कबीरधाम जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज नगर पालिका कार्यालय के पीछे मंगल भवन राज महल चौक पर भोरमदेव विद्यापीठ निःशुल्क पीएससी एवं व्यापम कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। बालको सीएसआर के अंतर्गत और दिल्ली आईएएस एकेडमी के सहयोग से संचालित इस सेंटर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर दिल्ली आईएएस एकेडमी के संस्थापक सौरभ चतुर्वेदी, बालको के अधिकारी कर्नल धनंजय मिश्रा, आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल, संयुक्त कलेक्टर दशरथ राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं उपाध्यक्ष पवन जायसवाल सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कोचिंग संस्थान में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं सहित स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय, स्टाफ रूम, कैफेटेरिया सहित संपूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इसके पश्चात पीजी कॉलेज के भव्य ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने चयनित 200 प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों से आत्मीय संवाद कर भोरमदेव विद्यापीठ के उद्देश्यों, सुविधाओं और उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला । उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप कबीरधाम जिले में यह कोचिंग सेंटर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि÷यह केवल कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि हमारे जिले के युवाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला केंद्र है। पहले हमारे होनहार युवाओं को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर, बिलासपुर, दिल्ली जैसे शहरों का रुख करना पड़ता था। इससे उन्हें आर्थिक बोझ, मानसिक दबाव और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार ने इन सभी कठिनाइयों का समाधान करते हुए भोरमदेव विद्यापीठ की स्थापना की है, जहां अब हमारे बच्चे अपने ही जिले में उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसे पाने के लिए लक्ष्य निर्धारण, धैर्य, कठोर परिश्रम और अनुशासन ही सबसे बड़ी कुंजी है। अब समय आ गया है कि कबीरधाम के युवा भी डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य उच्च प्रशासनिक पदों पर चयनित होकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगदलपुर आईपीएस श्री आकाश श्रीश्रीमाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं भी इसी कबीरधाम की मिट्टी से निकलकर वर्ष 2020 में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित हुआ और आज बस्तर में आईपीएस पद पर सेवा दे रहा हूं। आप सभी में भी वही प्रतिभा है। बस अपने सपनों में विश्वास रखिए, कठिन परिश्रम करिए और निरंतर प्रयास करते रहिए। सफलता निश्चित मिलेगी। मैं भी आपके साथ हूं, मार्गदर्शन के लिए सदैव तैयार हूं। संयुक्त कलेक्टर दशरथ राजपूत ने कहा कि ÷भोरमदेव विद्यापीठ जिले के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। अब यहां के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर भटकने की आवश्यकता नहीं है। सही दिशा, अनुशासन और मेहनत से आप सभी प्रदेश में कबीरधाम का परचम लहरा सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर ने अपने संबोधन में कहा कि ÷यह संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं के मानसिक और नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम बनेगा। कठिनाइयों से घबराए नहीं, बल्कि उन्हें चुनौती समझें और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। सफलता आपका स्वागत करेगी। दिल्ली आईएएस एकेडमी के संस्थापक सौरभ चतुर्वेदी ने अपने संक्षिप्त लेकिन प्रेरक उद्बोधन में कहा कि ÷भोरमदेव विद्यापीठ हमारी संकल्पना का परिणाम है, जहां हम कबीरधाम के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए श्रेष्ठतम मार्गदर्शन, आधुनिक सुविधाएं और निःशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि यहां से निकले युवा नई सफलता की इबारत लिखें और जिले को गर्व का अवसर दें।उल्लेखनीय है कि भोरमदेव विद्यापीठ कोचिंग सेंटर में कुल 200 युवाओं, 100 पीएससी और 100 व्यापम अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है। जिले के 1685 प्रतिभाशाली युवाओं ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया, जिसमें मेरिट के आधार पर चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न की गई। कोचिंग सेंटर में पुस्तकालय, निःशुल्क अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन वीडियो लेक्चर, कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं युवाओं को उपलब्ध कराई गई हैं, जो उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक विकास में भी सहायक होंगी। यह भी उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव महोत्सव के अवसर पर जिले के युवाओं के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी का अवसर देने की घोषणा की थी, जिसे महज एक माह के भीतर धरातल पर उतारते हुए भोरमदेव विद्यापीठ का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है।


## सरपंच और ग्रामीणों ने किया प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 11 मई।** ग्राम पंचायत महका कला के सरपंच और ग्रामीणजन द्वारा दसवीं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं के निज निवास में जाकर सम्मानित किया गया, शासकीय हाई स्कूल महका कला कक्षा दसवीं परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम स्थान पर खिलेश कुमार पिता श्री चित्र कुमार 92.5त्न द्वितीय स्थान पर दीप्ति वर्मा पिता श्री मनोहर वर्मा 86त्न तृतीय स्थान पर तेजस्वी वर्मा पिता श्री दीपक वर्मा 84.33त्न रहा, बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया गया इसी तरह अपने माता-पिता और स्कूल और गांव का नाम रोशन करने के लिए सभी उत्तीर्णविद्यार्थियों को बधाई दिया गया जिसमें ग्राम पंचायत महका कला के सरपंच श्री जितेंद्र वर्मा शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य श्री जी एस साहू सर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री बैसाखू सिंहा पूर्व अध्यक्ष श्री ज्ञानेश्वर ठाकुर विधायक प्रतिनिधि श्री त्रिलोचन ठाकुर श्री भागचंद महिलांगे श्री ओमकार वर्मा श्री गणेश वर्मा सभी ने शुभकामनाएं दिया।

### विधायक की पहल से लाइट के लिए 31 लाख रुपए स्वीकृत



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इकलौता नगर पंचायत उतई में दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर के सहमति से छग शासन ने उतई नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो के चौक चौराहों पर सोलर हाई मास्क लाइट स्थापना कार्य के लिए 31 लाख की राशि स्वीकृत कराया है,जिसके अंतर्गत नगर के वार्ड 2 इंदिरा नगर चौक,थाना चौक,वार्ड 4 सद्भावना चौक,वार्ड 6 कालिका मंच के सामने,वार्ड 9 नेहरू नगर चौक में सोलर हाई मास्क लाइट की स्थापना की जावेगी।जिसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख,लोक निर्माण प्रभारी सोनू राजपूत, पार्षद भीमसेन सिन्हा,लक्ष्मी नारायण साहू,लता सोनवानी,खूबी राम साहू,शिव ठाकुर,संगीत रजक,सुनीता चंद्राकर,नगर पंचायत उतई के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक सहित नगर के अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधायक ललित चंद्राकर के प्रति आभार जताया है।



### एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए 12 और 13 मई को होगा शिविर का आयोजन

**कवर्धा, 11 मई।** जिले में 1 अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों मोटरसाइकिल, कार, ऑटो, टैक्सी, हल्के व भारी मालवाहक वाहन, बस एवं स्कूल बसों - पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस क्रम में जिले में 12 और 13 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिला परिवहन कार्यालय कवर्धा, राणीसती फोटो एवं परिवहन सुविधा केंद्र, लोरमी रोड, पंडरिया तथा निपूर्णा परिवहन सुविधा केंद्र, रेंगाखार कला में लगाए जाएंगे। शिविर में आवेदन करने वालों के नंबर प्लेट की फिटिंग कवर्धा आरटीओ कार्यालय में 14 व 15 मई को, पंडरिया के आवेदनों की ललित मोटर्स हीरो शोरूम पंडरिया में तथा रेंगाखार कला के आवेदनों की फिटिंग तीन दिन बाद शिविर स्थल पर ही की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन के लिए वाहन का आरसी और आधार की प्रति तथा मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है ।साथ ही आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क 2 पहिया वाहन के लिए 366 रुपया , 3 पहिया वाहन के लिए 427 रुपया, 4 पहिया वाहन के लिए 656 रुपया तथा भारी यान के लिए 706 रुपया देना होगा तथा ष्ह्यष/श्ह्यद्म का फॉर्म भरने का 50 रुपये शुल्क अलग से देय होगा।

## बम की सूचना मिलने पर टीम ने तीन जगहों पर सघन जांच की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 11 मई।** दुर्ग पुलिस को दुर्ग रेलवे स्टेशन सहित भिलाई शहर के सूर्या मॉल और सिविक सेंटर इलाके में बम होने की सूचना मिली। इसके साथ ही पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ तीनों जगहों पर पहुंचकर सघन जांच अभियान चलाया। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी भी जांच में शामिल रही। सूर्या मॉल के अंदर एक एक शो रूम और दुकानों सहित पार्किंग एरिया की बारीकी से जांच की गई। वहीं सिविक सेंटर क्षेत्र में खड़ी वाहनों की तलाशी ली। पुलिस को बम डिटेक्टर मशीन से तलाशी लेते देख मौजूद लोगों में अनहोनी का डर साफ दिखने लगा। लेकिन जब मॉकड्रिल की जानकारी हुई तो सभी ने राहत की सांस ली।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे हमले को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए दुर्ग पुलिस ने बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड के साथ मिलकर सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में रिहर्सल किया। सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि यह ब्लैक आउट और मॉकड्रिल की तरह एक रिहर्सल था इसके लिए बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड की टीम को भी साथ लिया गया था। पुलिस को अचानक डमी इनपुट मिलता है कि दुर्ग स्टेशन, सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में बम रखा गया है सूचना मिलने के महज कुछ मिनट के अंदर पूरी टीम वहां पहुंचती है। टीम सबसे पहले सूर्या मॉल पहुंची और वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित किया। मॉल और सिविक सेंटर में पार्क गाड़ियों की एक-एक कर चेकिंग की जाती है। इसके बाद वहां से बम का कोई सिग्नल ना मिलने के बाद टीम सीधे दुकानों और मॉल के अंदर जाती है। वहां टीम एक एक दुकान में बम डिटेक्टर मशीन को लेकर घुसती है। हर एक बड़े और छोटे सामान की चेकिंग की जाती है। इसके साथ ही जो लोग वहां बैग और छोला लेकर घूम रहे होते हैं उनकी भी तलाशी ली जाती है। इस तरह का तलाशी अभियान दुर्ग रेलवे स्टेशन पर भी आरपीएफ व जीआरपी के साथ मिलकर चलाया गया। लोगों को बताया गया कि वे किस तरह इस तरह की संदिग्ध गतिविधि को देखकर अलर्ट हों और पुलिस को इसकी सूचना तुरंत दें।रिहर्सल के दौरान स्मृति नगर, सुपेला और दुर्ग के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने मॉल में मौजूद लोगों को बताया कि ये भारत पाक युद्ध को देखते हुए एक तरह का रिहर्सल है। इसलिए पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों को उसी हालत से गुजारा जिस हालत में रियल बम मिलने पर किया जाता है और उस दौरान किस की सावधानी बरती जाती है



### नपाध्यक्ष ने पोषक आहार का वितरण किया

**जामुल, 11 मई।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का शुभारंभ नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार का वितरण कर किया गया। जिसमें पार्षदगण दीपक गुप्ता संजय देशलहरे, रामप्यारी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थें। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड क्र. 09 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड क्र. 05, 07, 09 एवं 10 के आवेदको द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रधानमंत्री आवास हेतु 09 आवेदन, विद्युत विभाग के लिए 06 आवेदन, राजस्व विभाग हेतु 15 एवं खाद्य विभाग से संबंधित 06 आवेदन, नगर पालिका जामुल से संबंधित पर 36 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सफाई संबंधित कार्यो का समाधान तत्काल किया गया। समाधान शिविर में अनुविभागीय अधिकारी महेश राजपुत, तहसीलदार पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें। इसमें साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 38 लोगो का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया, आयुष विभाग द्वारा 67 लोगो को दवाई वितरण के साथ 07 हितग्राहियों का आधार अपडेट भी किया गया। अगला समाधान शिविर वार्ड क्र. 13 मंगल भवन में 16 मई को आयोजित होगा । जिसमें वार्ड क्र. 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15 कें समस्याओं का समाधान किया जायेगा ।

# हमारा दायित्व है समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान हो: विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 11 मई।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष का संगठनात्मक मंडल दौरा कार्यक्रम दुर्ग जिला संगठन में अनवरत जारी है इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंजोरा मंडल एवं अंडा निकुम मंडल में बैठक संपन्न हुई आयोजित बैठक में मुख्य रूप से दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू जागेश्वर साहू मंत्री आशीष निमजे दीपक चोपड़ा कार्यालय मंत्री मनोज सोनी मीडिया प्रभारी राजा महोबिया वरिष्ठ भाजपा नेता प्रितपाल बेलचंदन जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन मंडल भाजपा अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, लिकेश्वर देशमुख, युवा मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता परिश्रमी और मेहनतकश है राष्ट्रवादी विचारधारा प्रत्येक कार्यकर्ताओं भरा हुआ है हर कार्यकर्ता संगठन को लेकर सदैव सजग रहता है आप सभी ने अथक परिश्रम से दुर्ग में इतिहास रचा वह भी विपरीत परिस्थितियों में

सांसद विजय बघेल ने आगे कहा कि देश के वर्तमान हालात से आप सभी भली भांती रूप से वाकिफ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सेना को खुली छूट दे दी जिसकी परिणीति पाकिस्तान को हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिए और दे रहे हैं मै संपूर्ण दुर्ग लोकसभा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तीनों सेना के प्रमुखो एवं सेना के जवानों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि आप लोगों के कारण आज हम सभी सुरक्षित हैं मैं इस सभागार में उपस्थित आप सभी से आग्रह करता हूं भगवान से प्रार्थना करें कि हमारे सेना के जवानों की रक्षा करें उन्हें किसी प्रकार की हानि न पहुंचे

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर कार्यकर्ता अपने आप में बहुमूल्य है आप सभी के पूर्व की कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार को फेंकने के लिए पूरे 5 साल तक मेहनत किया प्रदेश में भाजपा की सरकार वापस लाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में विभिन्न जनहित कार्य योजनाओं के माध्यम से हम जन मानस का जीवन में सुधार आया है और वर्तमान हमारे सरकार होने के नाते हम सभी का दायित्व बनता है कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान हो उसका चिंतन करते हुए योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाने में हमें सहयोग करना हैजम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा हमारे देश के टूरिस्ट को जान से मार दिया देश के हर नागरिक के मन में आक्रोश था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आम जनमानस की मनसा को समझते हुए पाकिस्तान के ऊपर देश की सेना को हमला करने की खुली छूट दे दी प्रदेश की सेना अपना कार्य बखूबी कर रही है हम सभी को देश के सेना का मनोबल बढ़ाने का कार्य करना है ताकि वे देश की सेवा करते रहे ।भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ देश में उपजा गम और गुस्सा बुधवार सुबह नए जज्बे के रूप में दिखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वादे को निभाया है। पूरा छत्तीसगढ़ सेना के जवान इसी तरह आगे बढ़कर बदला लेते रहें, जिससे ऐसी घटना दोबारा न घटे। पहलगाम आतंकवादी हमले में त्वरित न्याय दिलाने वाले देश के बहादुर सैनिकों को सलाम करते हुए कहा कि %ऑपरेशन सिंदूर% आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्प का एक शक्तिशाली प्रतीक है। सैनिकों का साहस हमारी संप्रभुता की रक्षा करता है और हर भारतीय माँ की गरिमा को बनाए रखता है, जो गर्व और स्वतंत्रता के साथ सिंदूर लगाती हैं। ऑपरेशन का नाम सिंदूर देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सिन्दूर मिटाकर पहलगाम के नरसंहार पर अट्टहास करने वाले आतंकी नरपिशाचों और पाकिस्तान को यह दिखा दिया कि वह चुप बैठने वालों में से नहीं है। जिस तरह से उन्होंने पाकिस्तान को जवाब दिया, उसने हमारा भरोसा कायम रखा है। प्रधानमंत्री और सेना ने देश की जनता का दर्द समझा।आप सभी संगठन के सुलझे हुए कार्यकर्ता में आप सभी ने संगठन के सारे कार्यों का निष्पादन ईमानदारी से पूर्ण किया संपादित नगर निगम चुनाव एवं त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में हमने के ऐतिहासिक जीत प्राप्त की यह सब आपके के कारण ही संभव हो पाया पूर्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और पूरा सरकार यही से चलती है उसे विपरीत परिस्थिति में आप सभी ने संगठन के कार्यों को साथ-साथ उपस्थिति दर्ज की प्रदेश से कांग्रेस सरकार को उखाड़ कर फेंक दिया भारतीय जनता पार्टी विशुद्ध रूप से राजनीतिक पार्टी है और चुनाव लड़ना हमारा मुख्य दायित्व है अन्य पार्टियों से डिफरेंट है लगातार संगठन गतिविधियां हमारे यहां जारी रहती है मैं आप सभी से आग्रह करूंगा संगठन के कार्यों का संपादन करें और देशहित में जो भी कार्य हमें करने की आवश्यकता होगी उसके लिए तत्पर रहे

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छूरिया में आज तक जीवनदीप समिति का गठन नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

## क्षेत्रीय विधायक गंभीर नहीं स्वास्थ्य के मामले में




**छूरिया, 11 मई।** राजनांदगांव जिले का चर्चित विधानसभा क्षेत्र खुज्जी के छूरिया नगर पंचायत मे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मे आज तक जीवन दीप समिति का गठन नहीं होना क्या क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता को दर्शाता है।

बताया जाता है आज चौदह माह बाद भी अपना प्रतिनिधि नियुक्त नहीं कर पाना जीवनदीप समिति का आज 14 महीने बाद तक भी गठन नहीं कर पाना ना ही एक भी मीटिंग नहीं लेना स्वास्थ्य जैसे मामले में गंभीर दिखाई नहीं पड़ते क्षेत्रीय विधायक आखिरकार क्या ऐसी वज़ह है संगठन? को भी साथ ले कर नहीं चलते वहीं गुटबाज़ी खूलकर देखीं जा रही पिछ्ले कुछ समय जैसे चौंकी नगर पंचायत में उपाध्यक्ष अपनें मनमर्ज़ी उतारा गया ख़बर तों यहां भी बताया जाता है जिला जनपद के चुनाव मे भी पार्टी द्वारा उतारे गए प्रत्याशियों के कुछ क्षेत्र में पार्टी लाइन से अलग प्रचार करने की भी बात सामने आई थी जिससे संगठन द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक बहुत ज्यादा नाराज़ हो कर पार्टी संगठन के अलावा आला नेताओं से इसकी शिकायत दर्ज भी काराई गई वहीं छूरिया नगर पंचायत अध्यक्ष नहीं जितवा पाऐ ना ही उपाध्यक्ष बनवा पायें वहीं विधायक के इर्द-गिर्द घूमने वाले सिपाह सलाहकारों के कारण भी कांग्रेस की हो रही किरकिरी छूरिया नगर पंचायत के चुनाव में कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा अपनी मनमर्जी चलाई गई नतीजा हर का सामना करना पड़ा वहीं छूरिया मे ब्लॉग कांग्रेस कमेटी दों गुटों में बंटी हुई है जीवन दीप समिति का गठन अब तक क्यों नहीं।

## विधायक से इस बारे जानने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया

वर्तमान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन पुर्व विधायक छन्नी साहू गुट का मानें जाते है समय-समय पर पार्टी कार्यक्रम उनका आना होता है लेकिन पहले जैसे दमखम वाली बात नहीं है क्योंकि उनका हाल मुकाम अब छुरिया नहीं है जब इनसे पुछा गया जीवन दीप समिति का गठन अब तक क्यों नहीं तो उन्होंने कहा ये विधायक ही बता पायेंगे वैसे अब तक गठन हो जाना था। वहीं ब्लाक कांग्रेस के का्यकारी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा से पुछा गया की जीवन दीप समिति का गठन अब तक क्यों नहीं तो उन्होंने कहा गठन होगा मुझे क्या नियम है कैसे होता है मूझे मालूम नहीं कहां जबकि ये विधायक के ख़ास शिपा सलाहकार है।

## एक नजर

### मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार त्वचा रोग विशेषज्ञ देंगी सेवाएं

**डोंगरगढ़, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में 08 मई 2025 दिन गुरुवार को त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुगंध गांधी (एम.डी.) के द्वारा कुल 36 मरीजों का उपचार कर उचित परामर्श दिया गया, इस शिविर में धुसेरा, कन्हारगांव, देवकट्टा, रामाटोला एवं डोंगरगढ़ के मरीजों ने लाभ उठाया। वह अपनी सेवाएँ माह के दुसरे गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक प्रदान करेंगी। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्षअनिल गट्टानी, उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश मिश्रा, मंत्री महेन्द्र परिहार, सहमंत्री बबलू शांडिल्य एवं ट्रस्टीगण पीताम्बर स्वामी, प्रकाश विन्दल, संजीव गोमास्ता उपस्थित रहे। मंदिर ट्रस्ट ने उन्हें धन्यवाद देते हुये इसी तरह के सहयोग बनाये रखने का निवेदन किया। उक्ताशय की जानकारी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने दी है।

### महापौर ने दी बुद्ध जयंती की बधाई

**राजनांदगांव, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महापौर मधुसूदन यादव ने बुद्ध जयंती की बधाई देते हुये कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, दया, करूणा व साकाहार के मार्ग पर चलने की सीख दिये। उन्होंने भगवान गौतम बुद्ध के बताये मार्गो पर चल कर समाज की उन्नति के लिये कार्य करने तथा समाज के हर व्यक्ति के सुख समृद्धि व समाज के निर्धन बच्चों को शिक्षा देनें, समाज हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध समाज के अंतिम व्यक्ति की चिन्ता करने की सीख दिये तभी समाज उन्नति करेगा। उन्होंने बुद्ध जयंती एक जुट होकर उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले तथा पार्षदों ने नागरिकों को बुद्ध जयंती के प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये उनके बताये मागों पर चलकर जयंती मनाने की अपील की है।


### कार्य में लापरवाही बरतने वाले सहायक उप निरीक्षक को किया गया लाइन अटैच

**राजनांदगांव, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 9 मई को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा थाना गिधपुरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें एक प्रकरण की समीक्षा करने पर पाया गया कि सहायक उप निरीक्षक रमेश मिश्रा द्वारा उक्त प्रकरण की विवेचना में लापरवाही बरती गई है तथा इस संबंध में पूछने पर सउनि रमेश मिश्रा द्वारा संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया गया। तत्संबंध में सहायक उप निरीक्षक रमेश कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यंत थाना गिधपुरी से रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में स्थानांतरित कर पदस्थ किया गया है।

### सट्‌टा-पट्टी और नकदी के साथ आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में अवैध जुआ, सटटा के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी सोमनी के नेतृत्व में 10 मई को ग्राम अंजोरा तालाब के पास अंको पर रूपये पैसे का दांव लगवाकर सटटा खिला रहे हेमंत साहू पिता शेखर साहू उम्र 27 साल निवासी ग्राम अंजोरा गांधी चौक राजनांदगांव पारा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ.ग. को रंगे हाथ पकडा गया आरोपी के कब्जे से 03 नग सटटा पटटी, 01 नग डॉट पेन व नगदी रकम 1330/- रूपये को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सोमनी में अपराध क्रमांक 87/2025 धारा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06 पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### कैट की नई बॉडी को नांदगांव के व्यापारियों ने रायपुर पहुंच कर दी बधाई



**राजनांदगांव, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कैट की नई टीम की गठन होने पर राजनांदगांव के व्यापारियों ने रायपुर पहुंचकर नए पदाधिकारी सहित पूरे कार्यकारिणी को बधाई दी है। कल शुक्रवार को राजनांदगांव के व्यापारी गण अनिल बरडिया, राजू डागा, आलोक बिंदल, संजय तेजवानी, गुरमुख दास वाधवा, शरद अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, सूरज खंडेलवाल, योगेश खत्री, रोहित मखीजा, राजकुमार बाफ्ना, भागचंद गढ़िया आदि ने रायपुर पहुंचकर कैट की टीम में के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन बनने पर अमर परवानी को बधाई दी इसी के साथ प्रदेश के नई कार्यकारिणी को बधाई देकर वे स-कुशल लौट आए हैं।

### सुशासन तिहार : ठा. प्यारेलाल स्कूल में 6 वार्ड के लिए समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# महापौर, निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष व आयुक्त ने हितग्राहियों को बांटे राशन, आयुष्मान, श्रमिक कार्ड और लर्निंग लाईसेंस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 मई।** जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में गत माह से सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे चरण में नागरिकों की समस्या का समाधान बताने शहर एवं गांव में शिविर लगाया जा रहा है। इसी कडी में नगर निगम, राजनांदगांव द्वारा भी वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने वार्डो में समाधान शिविर लगाए जा रहे है। आज ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में वार्ड नं. 15, 16, 17, 18, 19 एवं 23 के लिए शिविर आयोजित किए गए। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जहॉ नागरिकों की समस्या संबंधी आवेदन का समाधान बताया गया।

ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल के शिविर में महापौर मधुसूदन यादव सहित निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा संबंधित वार्ड के पार्षद में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद प्रमोद झंझाडे वसंगीता देवांगन के अलावा शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा व हेमन्त शेखर यादव, उपायुक्त मोबिन अली विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवल कर राजगीत के माध्यम से समाधान शिविर का शुभारंभ किया।

महापौर यादव ने शिविर में अपने संबोधन में कहा कि, मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय ने सरकार एवं जनता के बीच सीधा संवाद करने तथा नागरिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ देने सुशासन तिहार 2025 का पूरे प्रदेश में आयोजन कराया। जिसमें तीन चरण में आवेदन लेने के साथ-साथ उसका निराकरण कर समाधान बताना है। उन्होने कहा कि, वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताने 5 मई से 31 मई तक नगर निगम द्वारा वार्डो के लिए स्कूलों में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। आज ठा. प्यारेलाल स्कूल में 6 वार्ड के लिए आयोजित शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों का समाधान बता रहे है। उन्होने कहा कि, बड़ी समस्या एवं बड़े कार्य का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी, नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव एवं सांसद संतोष पाण्डे के सहयोग से निराकरण किया जाएगा।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि, प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण में निराकरण कर संबंधित को उनके समाधान बताया गया साथ ही समाधान को ऑनलाईन अपलोड किया गया। उन्होने कहा कि, आज शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा समस्या का समाधान बताया जा रहा है। इसके अलावा जिन लोगो ने आवेदन नही किया है, उनसे भी आज आवेदन लिया जा रहा है। शिविर में अध्यक्ष वर्मा, नेता प्रतिपक्ष पिल्ले एवं पार्षद शिव वर्मा ने भी अपने विचार रख वार्ड वासियों को अपनी समस्या का समाधान जान शासन की योजना का लाभ लेने की अपील किए। शिविर में अतिथियो ने राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड एवं लर्निंग ड्राईविंग लाईसेंस तथा मातृत्व वंदन योजना के तहत राशि का हितग्राहियों को वितरण किया। साथ ही सुपोषित बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अतिथियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर सभी विभाग में आए आवेदन तथा उसके समाधान की जानकारी ली। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के माध्यम से उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। समाधान शिविर में सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नहाने गए युवक की एनीकेट में डूबने से मौत, दूसरे दिन शव बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगांव 11 मई।** ग्राम खुर्सीटीकुल में एक विवाह समारोह में शामिल होने आए युवक की एनीकेट में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान देव कुमार चोरिया (25 वर्ष), पिता संतराम चोरिया, निवासी ग्राम रूपझर, थाना उकवा, जिला बालाघाट के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 9 मई 2025 को देव कुमार अपने मित्रों के साथ विवाह कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम खुर्सीटीकुल आया था। दोपहर करीब 3 बजे वह अपने मित्रों के साथ ग्राम सांकरदाहरा स्थित एनीकेट पर नहाने गया। नहाते समय वह एनीकेट के पास कूद गया, लेकिन वर्तमान में एनीकेट के गेट खुले होने के कारण पानी का बहाव अत्यधिक तेज था, जिससे वह धारा में बह गया और डूब गया। घटना की सूचना तत्काल मौके पर मौजूद लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया, जिनमें पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस दिलीप सिसोदिया शामिल थे। उनके निर्देशन में तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया, जिसमें नगर सेना की सहायता ली गई। हालांकि रात्रि में अंधेरा अधिक होने के कारण तलाशी अभियान स्थगित करना पड़ा। इसके बाद 10 मई की सुबह दुर्ग से विशेष रूप से बुलाई गई एसडीआरएफ (स्ष्ठक्रस्न) की गोताखोर टीम ने पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया। अंततः सुबह लगभग 7:30 बजे युवक का शव एनीकेट के पास से बरामद कर लिया गया। मौके पर मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया, जिसके उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# सूने मकान में चोरी करने के आरोप में 3 गिरफ्तार

- घर में ताला बंद कर शादी में गया था परिवार
- लैपटॉप, सोने-चांदी के गहने और नगदी रकम सहित की है लाखों की चोरी
- चोरी की सोने चांदी के जेवरात, लेपटाप, होम थियेटर, टीवी, सेटअप बाक्स बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़, 11 मई।** शादी कार्यक्रम में बाहर गए दम्पति के सुने मकान में चोरो द्वारा सेंध लगाकर लाखों का माल फरार हो जाने वाले 03 चोरो को पकड़ने में पुलिस के हाथ सफलता लगी है. पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि 05 मई 2025 को प्रार्थी सीमन्त लाल सेन पिता बिसौहा राम सेन उम्र- 53 साल निवासी वार्ड न0-21 सांई नगर डोंगरगढ़ अपने घर में ताला लगाकर सहपरिवार शादी कार्यक्रम में दुर्ग गये थे।

08 मई की दर्मियानी रात्रि में अज्ञात चोरो के द्वारा घर का ताला तोड़कर अन्दर घुसकर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित लेपटाप, होम थियेटर, टी0व्ही0, सेटअप बाक्स व नगदी रकम 20 हजार-रू0 लगभग किमती 01 लाख तीस हजार-रू0 को चोरी कर ले गया।

जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने अप0क्र0- 204/2025 धारा- 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर अज्ञात चोरो की पता तलाश की जा रही थी कि और घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही कैमरा को खंगाला गया। जिस पर संदेही निखिल गोंड़ निवासी कंडरापारा बजरंग चौक डोंगरगढ़, श्याम ठाकुर उर्फ छोटू निवासी ग्राम बिच्छीटोला हाल बजरंग चौक डोंगरगढ़ एवं श्रवण मटियारा निवासी राम नगर जेल रोड वार्ड न0- 21 डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। तीनों प्रार्थी के घर में चोरी करना स्वीकार किए एवं चोरी के समान को आरोपी श्रवण मटियारा के घर में छुपा कर रखना बताया गया एवं नगदी रकम को खाने-पीने में खर्च कर देना बताया गया! चोरी के समान को आरोपी श्रवण मटियारा के घर से बरामद किया गया है।

तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडि0 रिमाण्ड में जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा, प्र0आर0-राणा प्रसन्न गजभिये, आर0 प्रयांश सिंह, चन्द्रकात सोनी, युगेन्द्र देशमुख, योगेश साहू का विशेष योगदान रहा है।

### विधायक इन्द्रशाह मण्डावी ने की शिकायत, मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव को लिखा पत्र

# वनांचल में शिक्षकों की कमी, अठ्ठाईस शिक्षक कई सालों से प्रतिनियुक्ति में ट्राइबल जिले से बाहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 11 मई।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा सत्र जल्द ही प्रारंभ होने को है वही मोहला-मानपुर-चौकी जिला सालों से शिक्षकों की कमी का दंश झेल रहा है। राजनांदगांव जिले से विभजित होकर मोहला-मानपुर-चौकी जिले का सूर्योदय हुआ है लेकिन शिक्षा विभाग की लचर व्यवस्था के कारण आज भी यह दुर्दशा बनी हुई है, कारण यह जिले में ट्राइबल इलाके के शिक्षक सालों से अन्य जिलों में अपनी सेवाएं दे रहे है, जिसमे अम्बागढ़ चौकी ब्लाक से सत्रह शिक्षक प्रतिनियुक्ति में अन्य जिले में कार्यरत है वही मोहला ब्लाक से छह शिक्षक और मानपुर ब्लाक से पांच शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर बाहर सेवा से रहे है। सर्व संपदा से भरपूर यह जिला अब शिक्षकों की आस लगाये बैठा है जो अठ्ठाइस शिक्षक जिले से बाहर है ट्राइबल क्षेत्र से बाहर है वो जिले में अपनी सेवा देकर बच्चों का भविष्य गढ़े। मामले की जानकारी को लेकर स्थानीय विधायक इन्द्रशाह मण्डावी ने नाराजगी जताई और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ट्राइबल क्षेत्र के शिक्षक, व्याख्याताओं और अन्य कर्मचारियों को वापस लाने मुख्य सचिव, सचिव शिक्षा विभाग, कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया है। विधायक मण्डावी ने कहा कि ट्राइबल क्षेत्र ने शिक्षकों की भारी कमी के चलते पढ़ाई प्रभावित होती रही है, साथ ही आये दिन ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों की कमी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव होता रहता है। विभाग की भर्राशाही आलम यह है कि एक तरफजिले के अठ्ठाइस शिक्षक प्रतिनियुक्ति में अन्य जिले में सेवा दे रहे है वही दूसरी तरफ जिला शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। विधायक इन्द्रशाह मण्डावी ने ट्राइबल क्षेत्र के शिक्षक और अन्य कर्मचारियों वापस बुलाने मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों और पत्र लिखा है।



■ ट्राइबल के शिक्षक शहरी इलाकों में दे रहे सेवा

**जिले में सात शालाएं शिक्षक विहीन, जिला बना पर व्यवस्था नहीं :** मोहला-मानपुर-चौकी के इस जिले में दो सौ इक्कीस एकलशिक्षकीय शालाएं है और सात शिक्षकविहीन शालाएं है जिले में सात शिक्षकविहीन शालाएं में कुल बच्चों की संख्या दो सौ बारह है, मानपुर विकासखंड में दो प्राथमिक शालाएं है जिनमें मोरचुल और गट्टेपयाली है, इन दो शालाओं में साठ बच्चे अध्यनरत है। मोहला विकासखंड में भी दो प्राथमिक शालाएं है जिनमे सुअरपाल और कन्या आश्रम सांगली शामिल है इन दो शालाओं में चौवालीस बच्चे अध्यनरत है।

वही अम्बागढ़ चौकी विकासखंड में तीन शालाएं है जो शिक्षकविहीन है जिनमें प्राथमिक शाला धानापयाली, जंतर गुंडरा और कुमली है इन तीनो शिक्षकविहीन स्कूलों में एक सौ दस छात्र छात्राएं अध्यनरत है...जिले के सभी शिक्षकविहीन स्कूलों में शिक्षक व ट्विटर शिक्षक सेवाएं दे रहे है।

## समाचार संक्षेप

# बुद्ध जयंती की डॉ.रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 मई।** विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे ने नागरिको को बुद्ध जयंती की शुभकामनाए दी है। उन्होंने अपने संदेश मे कहा कि राजकुमार सिद्धार्थ गौतम का जन्म वैशाख पूर्णिमा को हुआ था. इसी दिन बुद्ध जयंती मनाई जाती है। ज्ञान प्राप्त कर सिद्धार्थ गौतम गौतम बुद्ध बन गए और बौद्ध धर्म की स्थापना की. बुद्ध पूर्णिमा को वेसाक जयंती या बुद्ध जयंती (बुद्ध पूर्णिमा) के रूप में भी जाना जाता है. बुद्ध जयंती या बुद्ध दिवस बौद्ध त्योहार है, जो दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया के अधिकांश हिस्सों में मनाया जाता है।

विधायक डॉ. सिंह ने कहा कि गौतम बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटना- जन्म, ज्ञान प्राप्त करना और मृत्यु भी इसी दिन घटित हुआ था. इसलिए इस दिन को दुनिया भर के बौद्धों द्वारा ÷तीन बार धन्य उत्सव÷ माना जाता है. यह दिन आध्यात्मिक चिंतन और उत्सव का समय है, जिनमें प्रार्थना सभा, मंदिर के दर्शन और सेवा कार्य किए जाते हैं। उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा को एक जुट होकर उत्साह से मनाकर गौतम बुद्ध के बताए मार्गो पर चलने की अपील की है।

सांसद पाण्डे ने बधाई देते हुये कहा कि बुद्ध का दर्शन बौद्ध धर्म के रूप में भी जाना जाता है. यह दुख के अनुभव और इसे दूर करने के तरीके पर आधारित है. यह चार आर्य सत्यों की अवधारणा पर जोर देता है. इसमें दुख की प्रकृति (दुक्खा), इसका कारण, निरोग और निरोग की ओर ले जाने वाला मार्ग (अष्टांग मार्ग) शामिल है. बौद्ध धर्म ज्ञान, दया, धैर्य, उदारता और करुणा जैसे गुणों के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। उन्होंने भगवान बुद्ध के इन्ही गुणो को अपनाने की अपील की है।

# मंडई में हुए झगड़े का बदला लेने किया हमला, तीन नाबालिग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़/भंडारपुर, 11 मई।** गांव में हुए मंडई मेले में झगड़े का बदला लेने के उद्देश्य से लाठी, दण्डा और चाकू से हमला करने वाले 03 नाबालिक बालकों को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया गया है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 08. मई 2025 को ग्राम भण्डारपुर में रात्रि लगभग 09:30 बजे प्रार्थी नोकेश्वर चन्द्रवंशी पिता प्रकाश चन्द्रवंशी उम्र- 42 साल निवासी ग्राम भण्डारपुर का भतीजा व गांव के एक अन्य बालक को 03 नाबालिक बालकों द्वारा पुरानी रंजीश को लेकर लकड़ी एवं बांस के डण्डा व धारदार चाकू से जान से मारने की नियत से वार कर दिया। जिससे प्रार्थी के भतीजा के सिर में गंभीर चोंट आई एवं एक अन्य बालक को भी हाथ, पैर सिर में चोंट आया। जिसकी रिपोर्ट पर अप0क्र0- 208/2025 धारा- 296, 115(2), 109, 3(5) बीएनसएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था और घटना की गंभीरता को देखते डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तीनो नाबालिक बालकों की पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया। पुछताछ करने पर नाबालिक बालकों द्वारा मंडई के समय पूर्व में इन लोगों से विवाद होना बताया जिसका ग्राम स्तर पर समझौता हो जाने से सीने में बदले की आग जल रही थी और मौका मिलते ही तीनों मिलकर लकड़ी, बांस के डण्डा एवं चाकू से मारपीट करना बताया गया।

पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं लकड़ी व बांस के डण्डा को जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, सउनि कुरैशी, आर0 प्रयांश सिंह, चन्द्रकात सोनी, लक्ष्मी कंवर, योगेश साहू का विशेष योगदान रहा है।

# पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से होटल तक सुरक्षा के लिए किया मॉक ड्रिल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 मई।** देशभर में सुरक्षा और सतर्कता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिले के थाना कोतवाली राजनंदगांव एवं पुलिस चौकी चिखली द्वारा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड राजनांदगांव में थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा डोंगरगढ़ के रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड में थाना सोमनी पुलिस द्वारा मुढीपार, परमलकसा रेलवे स्टेशन एवं सोमनी बस स्टैंड तथा जिले के समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने दल बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में मॉक ड्रिल के माध्यम से हाई अलर्ट सुरक्षा अभ्यास किया। ड्रिल के दौरान नगर के प्रमुख स्थलों जैसे बस स्टैंड, यात्री प्रतीक्षालय, होटल-लॉज, फतेह सिंह खेल मैदान सहित अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर गहन जांच-पड़ताल की गई। थाना प्रभारियों के नेतृत्व में हुई इस मॉक ड्रिल में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष सुरक्षा दल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा अभ्यास में डॉग स्क्वॉड, बम स्कैनिंग डिवाइस, और मॉडर्न सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। संदिग्ध वस्तुओं और गतिविधियों की पहचान के लिए पुलिस टीम ने सघन तलाशी अभियान चलाया।

ड्रिल का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को परखना और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की दक्षता को मजबूत करना था।

# साइबर अपराध में ठगे गए 3.5 करोड़ में से 49 लाख पीड़ित को दिलाए गए वापस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 मई।** राजनांदगाव के एक व्यवसायी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर की गई साइबर ठगी के मामले में थाना बसंतपुर पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही से एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने मनी ट्रेल को ट्रैक कर आरोपी द्वारा उपयोग किए गए लगभग 50 बैंक खातों का विश्लेषण किया। चिन्हित बैंक खातों में से ?49 लाख की धनराशि को समय रहते होल्ड कराकर, वैधानिक प्रक्रिया एवं भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (द्ब4ष्ट) -साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की सहायता सेपीड़ित के खाते में वापस कराया गया है। प्रकरण में पीड़ित द्वारा माह अगस्त 2024 मे थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक. 365/2024 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस, 66 (डी), 66(1) आई.टी. एक्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर उनसे करीब ?3.5 करोड़ रुपये की ठगी की है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव मोहित गर्ग के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा तत्काल साइबर सेल को सूचित किया गया।

## वकील की भूमिका निभाने के लिए आशी सिंह ने देखीं कोर्टरूम

हास्य, रोमांस और पारिवारिक संबंधों के शानदार मेल के साथ, सोनी सब का नया शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। इस शो की कहानी के केंद्र में हैं आशी सिंह, जो कायरी की भूमिका निभा रही हैं — एक जीवंत और जुनूनी युवा वकील, जिसकी दुनिया तब उलट-पुलट हो जाती है जब उसकी मुलाकात युग (शब्बीर आहलूवालिया) से होती है। कायरी के किरदार को निभाना आशी के लिए कोई छोटी चुनौती नहीं थी। इस किरदार को असली और प्रभावशाली बनाने के लिए उन्होंने कोर्टरूम ड्रामा की दुनिया में खुद को पूरी तरह झोंक दिया — क्लासिक लीगल शो से लेकर कोरियन कोर्टरूम ड्रामा तक उनकी बिंज-वॉच लिस्ट में शामिल थे। अपने किरदार को सजीव और विश्वसनीय बनाने के लिए आशी सिंह कोई कसर नहीं छोड़ रहीं। उन्होंने बताया, "मैंने 'सूट्स' से शुरुआत की और फिर 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसे असली कोर्ट प्रक्रिया वाले शोज में गहराई से उतर गई। लेकिन सबसे अप्रत्याशित प्रेरणा मुझे कोरियन ड्रामा 'विंसेन्ज़ो' से मिली।



## कलाकारों ने बताया कैसे टेक्नॉलॉजी ने बदल दी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की तस्वीर

समय के साथ टेक्नोलॉजी ने न सिर्फ कहानियां कहने का अंदाज बदला है, बल्कि उन्हें बनाने, निभाने और लोगों तक पहुंचाने का तरीका भी पूरी तरह बदल दिया है। कभी स्क्रिप्ट्स कागज पर लिखी जाती थीं, स्टूडियो में रिहर्सल होती थी और हर काम तय क्रम में होता था। लेकिन अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री ने डिजिटल रूप में जबरदस्त बदलाव देखा है। आज कास्टिंग से लेकर कंटेंट के प्रमोशन तक, हर चीज ऑनलाइन हो गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, क्लाउड पर स्क्रिप्ट शेयर करना, वॉयस-ओवर ऐप्स और सोशल मीडिया जैसे टूल्स की मदद से कलाकार अब ज्यादा स्मार्ट, तेज और क्रिएटिव तरीकों से काम कर रहे हैं। इस नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर, एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि कैसे टेक्नोलॉजी ने उनके ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन सफर को सशक्त बनाया है। इन कलाकारों में शामिल हैं - नीता मोहिंद्रा ('भीमा' की कैलाशा बुआ), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और आसिफ शेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा)।



नीता मोहिंद्रा, जोकि 'भीमा' में कैलाशा बुआ का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, "मैं इस इंडस्ट्री में कई दशक से काम कर रही हूं और मैंने देखा है कि कैसे मैनुअल और समय लेने वाली प्रक्रिया अब टेक्नोलॉजी की मदद से आसान और तेज हो गई है। भले ही मैं बहुत ज्यादा टेक-सेवी नहीं हूं, लेकिन इस बात से इंकार नहीं कर सकती कि टेक्नोलॉजी ने हमारे काम को कितना आसान बना दिया है। आजकल एडवांस कैमरा लेंस, शानदार वीएफएक्स और एनिमेशन की मदद से कहानी कहने का अंदाज पहले से कहीं बेहतर हो गया है। पहले एक डायलॉग की डबिंग के लिए स्टूडियो जाना पड़ता था, अब मोबाइल ऐप्स से घर बैठे साफ आवाज रिकॉर्ड करके भेज सकते हैं। ये सच में गेम-चेंजर है, जिससे काम तेज, बेहतर और सुविधाजनक हो गया है।"हिमानी शिवपुरी, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, "टेक्नोलॉजी का यह बदलाव वाकई में जबरदस्त रहा है। मैं उस दौर की महिला हूं जब स्क्रिप्ट हाथ से लिखी जाती थी, बातचीत लैंडलाइन फोन पर होती थी और रिहर्सल के लिए सबको एक जगह इकट्ठा होना पड़ता था। उस जमाने की अपनी अलग बात थी, लेकिन आज जो सुविधाएं हमारे पास हैं,

## सनी देओल की फिल्म जाट में एक खास कैमियो के लिए शामिल हुए मुरली शर्मा

कॉमेडी हो, ड्रामा हो या एक्शन, मुरली शर्मा हमेशा अपनी छाप छोड़ते हैं! गोलमालः फन अनलिमिटेड, धमाल, बदलापुर और कई अन्य फिल्मों में दिल जीतने के बाद, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सिनेमा में 125 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके बहुमुखी अभिनेता अब सनी देओल अभिनीत फिल्म जाट में एक रोमांचक कैमियो के साथ दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं। इस एक्शन थ्रिलर में काम करने के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा, "मैं सनी देओल का प्रशंसक हूं, निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी मेरे छोटे भाई की तरह हैं। उन्होंने मुझे फोन किया और मुझसे कहा, 'तुम्हें मेरे लिए एक अतिथि भूमिका निभानी है, और मैंने उनसे कुछ नहीं पूछा। मैं बस सुबह हैदराबाद गया और उसी रात वापस आ गया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आपको वही काम करना चाहिए जिससे आपको खुशी मिले।" मुरली इससे पहले गोपीचंद मालिनेनी के निर्देशन में बनी फिल्म वीरसिम्हा रेड्डी में काम कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने श्रुति हासन के पिता की भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, वह मैथरी मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया द्वारा निर्मित फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं और अब जाट में दिखेंगे। फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अपनी आगामी लाइन-अप के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने कुछ प्रोजेक्ट साइन किए हैं,



# मुझे कभी ऐसा दौर देखने को ही नहीं मिला, जब यह फ्रेंचाइज़ी मौजूद न हो

न्यू लाइन सिनेमा की लंबे समय से सफल और लोकप्रिय हॉरर फ्रेंचाइज़ी का नया चैप्टर 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' दर्शकों को एक बार फिर मौत की अजीब और डरावनी दुनिया से रूबरू कराने के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन एडम स्टीन और ज़ैक लिपोवस्की ने किया है। 'फाइनल डेस्टिनेशन' फ्रेंचाइज़ी को 25 साल पूरे हो चुके हैं, और इस फिल्म की कास्ट में शामिल कई युवा कलाकार या तो इतने ही साल के हैं या फिर इससे भी कम उम्र के। इस नई फिल्म 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' में ब्रेक बैसिंजर ने आईरिस का किरदार निभाया है। यह एक ऐसी युवा लड़की है, जो 1969 में एक बेहद खास डेट पर निकली है। बैसिंजर कहती हैं, ₹फाइनल डेस्टिनेशन फ्रेंचाइज़ी तो हमेशा से ही मेरी जिंदगी का हिस्सा रही है। मुझे कभी ऐसा दौर देखने को ही नहीं मिला, जब यह फ्रेंचाइज़ी मौजूद न हो। और अब जब मैं खुद इसका हिस्सा बनी हूँ, तो ऐसा लगता है, जैसे मैं किसी सपने को जी रही हूँ। लेकिन, बैसिंजर का इस फ्रेंचाइज़ी से रिश्ता सिर्फ इतना भर नहीं रहा कि वे हमेशा से इसके साथ बड़ी हुई हैं। इसके अलावा, वे डायरेक्टर एडम स्टीन के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट में भी काम कर चुकी हैं। और खास बात यह है कि 'फाइनल डेस्टिनेशन' की पहली दो फिल्मों में नजर आने वाली ऐली लार्टर ने 'द मैन इन द व्हाइट वैन' में बैसिंजर की माँ का किरदार निभाया था। बैसिंजर बताती हैं कि शूटिंग के दौरान उन्होंने ऐली से यह जानने की बहुत कोशिश की थी कि इन डरावनी फिल्मों को करने का अनुभव कैसा होता है। वे कहती हैं, ₹और अब जब मैं खुद इसका हिस्सा बनी हूँ, तो सबसे मज़ेदार पल था जब मैंने ऐली को मैसेज किया और बताया कि अब मैं भी उन्हीं के रास्ते पर चल रही हूँ। ब्रेक बैसिंजर के अलावा, 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' में कैटलीन सांता हुआना, टियो ब्रियोनेस, रिचर्ड हार्मन, ओवेन पैट्रिक जॉयनर, एना लोर, राया किल्स्टेड, और टोनी टॉड भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। प्रैक्टिकल पिक्चर्स, फ्रेशमैन ईयर और फायरसाइड फिल्म्स के सहयोग से बनी फिल्म 'फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स' को न्यू लाइन सिनेमा प्रस्तुत कर रहा है। वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स के बैनर तले दुनियाभर में वितरित की जा रही यह फिल्म भारत में अंग्रेज़ी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में गुरुवार, 15 मई, 2025 को रिलीज़ होगी।



# निर्देशक अर्जुन राज की फिल्म खेल पासपोर्ट का ट्रेलर रिलीज़

बॉलीवुड के जाने माने फिल्म निर्देशक अर्जुन राज की फिल्म ₹खेल पासपोर्ट का₹ का ट्रेलर आज मुंबई में रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का ट्रेलर डी आर जे रिकॉर्ड म्यूजिक से रिलीज किया गया है । इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के मौके पर फिल्म जगत के जाने माने सितारे मौजूद थे जैसे अली खान ,पुष्प वर्मा ,ताहिर कमल खान ,संजय भूषण पटियाला ,सुनील पाल ,राजकुमार कनोजिया ,पप्पू यादव,राजू सिंह माही,गौरी शंकर ,डॉ सुशील मोरजकर दिलीप नाबेरा आदि। निर्देशक अर्जुन राज ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज करते हुए बताया की यह फिल्म बन कर तैयार है जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ की जाएगी।फिल्म की पूरी शूटिंग मुंबई शहर में हुई है। फिल्म में हेरम्ब त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म में एक से बढ़कर एक गाने है। फिल्म की कहानी आम आदमी के लाइफ से जुडी हुई है। एक लड़का इंडिया से बाहर जाना चाहता है नौकरी करने के लिए और मुंबई आकर पासपोर्ट ट्रैपर₹ में फस जाता है ,इस पासपोर्ट ट्रैपर₹ से जुड़ी कहानी पर आधारति है मेरी फिल्म ₹खेल पासपोर्ट का। फिल्म खेल पासपोर्ट का निर्माण हैप्पी क्राउड एंटरटेनमेंट, किंग केयान एंटरटेनमेंट और रजिया पठान के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म को राजवंत शर्मा को-प्रोड्यूस कर रहे हैं। अर्जुन राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के



लेखक अर्जुन राज ,आनंद शर्मा ,रंजू साइकोलोनी और रजिया पठान है। इस फिल्म में हेरम्ब त्रिपाठी,राजवंत शर्मा,गौरी शंकर,आरिफ शहडोल,मेघा सक्सेना,आनंद शर्मा,जेबा खान,अर्जुन राज ने अहम भूमिका निभाई है। डीओपी शक्ति सोनी, लखिंदर शॉ ( लक्की ) हैं। फिल्म का संगीत हृजु रॉय ने तैयार किया हैं। रवि बॉसनेट के रचित गीतों को अरिंदम चक्रवर्ती मंजीरा गांगुली ने मधुर आवाज से सजाया है। जबकि इस फिल्म के पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं।

## भोजपुरी फिल्म अभिनेता पप्पू यादव का जन्मदिन मुंबई में धूमधाम से मनाया गया

भोजपुरी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता पप्पू यादव का जन्मदिन मुंबई में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर होटल सहारा में एक भव्य पार्टी का आयोजन किया गया था, जिसमें कई फिल्मी सितारों और राजनेताओं ने शिरकत की और पप्पू यादव को अपना आशीर्वाद दिया। पप्पू यादव ने अपने जन्मदिन के मौके पर एक अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने मुंबई के टाटा हॉस्पिटल में कैंसर पीड़ित लोगों को भोजन कराया और बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इसके अलावा, उन्होंने दादर स्थित झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों और अनाथालय में जाकर लोगों के बीच भोजन और कपड़े दान किए और उनके साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। पप्पू यादव ने कहा, ₹मैं अभिनेता के साथ-साथ एक अच्छा समाजसेवी भी हूं और लोगों की मदद करने में मुझे सुकून मिलता है। मैं मजबूर और गरीब लोगों के साथ हमेशा खड़ा रहता हूं और जो मेरे से हो सकता है, मैं खुद करता हूं। इस अवसर पर बिहार के सांसद पप्पू यादव भी मुंबई पहुंचे और उन्होंने अभिनेता पप्पू यादव को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा, ₹एक पप्पू यादव के साथ उसका बड़ा भाई पप्पू यादव हमेशा खड़ा रहेगा, सुख और दुःख में। पप्पू यादव ने अपने जन्मदिन के मौके पर समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और लोगों से आग्रह किया कि वे भी समाज के लिए कुछ अच्छा करने का प्रयास करें। पप्पू यादव के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित पार्टी में कई जाने-माने फिल्मी सितारे और राजनेता शामिल हुए। इस मौके पर पप्पू यादव को उनके चाहने वालों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पप्पू यादव की समाजसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि वह एक सच्चे समाजसेवक हैं और उनकी सेवाभावना को देखते हुए उन्हें हमेशा सम्मानित किया जाएगा।



## राजकुमार राव बने सन किंग के ब्रांड एम्बेसडर

विश्व के अग्रणी सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्ष इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स ब्रांड सन किंग ने बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। यह साझेदारी भारतीय सिनेमा के एक चर्चित चेहरे और स्वच्छ ऊर्जा के भरोसेमंद नाम को एकजुट करती है, जो ऐसे व्यावहारिक समाधान में विश्वास रखते हैं जो वाकई में लोगों की ज़िंदगी बदलें। सन किंग के सोलर और एनर्जी-एफिशिएंट प्रोडक्ट्स – जो भारत भर में लाखों लोग इस्तेमाल कर रहे हैं – उन घरों में रोशनी, ऊर्जा और आराम पहुंचाते हैं जहाँ बिजली की सुविधा या तो नहीं है या बहुत कम है। राजकुमार राव के जुड़ने से ब्रांड का लक्ष्य है और ज्यादा लोगों तक पहुंचना जो सस्ती, टिकाऊ और भरोसेमंद ऊर्जा चाहते हैं। स्त्री, न्यूटन, शाहिद और श्रीकांत जैसी फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी से मशहूर हुए राजकुमार राव को उनकी सच्चाई, संवेदनशीलता और आम लोगों से जुड़ाव के लिए जाना जाता है – जो कि सन किंग के मूल्यों से मेल खाता है। राजकुमार राव ने कहा, "मैं हमेशा उस बदलाव में विश्वास करता हूं जो लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी को बेहतर बनाए। सन किंग के सोलर और इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट्स यही करते हैं – ये भरोसे और सुकून देते हैं उन घरों को जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे ब्रांड से जुड़ा हूं जो भारत को रोशन कर रहा है

## 25 से अधिक दिग्गजों ने लॉन्च किया गुनगुनालो

भारतीय संगीत जगत के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन दर्ज हो गया जब जावेद अख्तर, शंकर महादेवन, सोनू निगम, समीर अंजान, प्रसून जोशी ,सलीम मर्चेंट ,अरुणा साईराम ,हरिहरन ,आनंद - मिलिंद , मनन शाह , राजू सिंह और संगीत क्षेत्र की २५ से अधिक जानी-मानी हस्तियों की उपस्थिति में ₹गुनगुनालो₹ नामक भारत का पहला आर्टिस्ट-ओन कल्चरल ऐप लॉन्च किया गया। यह भव्य कार्यक्रम मुंबई के जियो वर्ल्ड, बीकेसी, बांद्रा के स्टूडियो थिएटर में आयोजित किया गया। गुनगुनालो एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे कलाकारों ने खुद के लिए और अपने जैसे कलाकारों के लिए बनाया है। यह ऐप न सिर्फ संगीत को सर्मिपत है, बल्कि कविता, कहानी और अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी स्थान देता है। इस पर ओरिजिनल कंटेंट, अनरिलीज़ क्लासिक, मार्गदर्शन सत्र, मास्टर क्लास, जैम सेशन, ओपन माइक और फैंस के साथ डायरेक्ट कनेक्शन जैसे फीचर्स होंगे। गुनगुनालो के संस्थापक सदस्यों में जावेद अख्तर, शंकर महादेवन, सोनू निगम, श्रेया घोषाल, अरिजीत सिंह, प्रसून जोशी, समीर अंजान, विशाल ददलानी, अमित त्रिवेदी और अन्य प्रमुख



नाम शामिल हैं। टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ श्रीधर रंगनाथन द्वारा यह ऐप डेवलप किया गया है और इसके सीईओ की भूमिका में हैं शरली सिंह। 5 मई 2025 एक ऐतिहासिक दिन है। गुनगुनालो कलाकारों को अपनी मर्जी से रचना करने की आजादी देता है। यहां किसी निर्माता या म्यूजिक कंपनी की शर्तें नहीं होंगी, बल्कि कलाकार अपनी आत्मा से संगीत रच सकेंगे। यह दुनिया भर में पहली तरह की चीज है. ऐसा पहले कहीं नहीं हुआ है. म्युजिशियन, गीतकार और गायक मिलकर एक कंपनी शुरू करें उसमे वे शेयर होल्डर हों, ऐसा ऐप है गुनगुनालो. इसमे पूरी रचनात्मक आजादी के साथ कलाकार गीत क्रिएट करेंगे.

## पूरी तरह से तैयार है फिल्म खांचा भाई

अमरनाथ, मुंबई। भारतीय नागरिकों के दरमियां टैक्स की विसंगतियों पर बहुत ही रोचक तरीके से रोशनी डालती है फिल्म खांचा भाई। नौकरी और



व्यवस्थित तरीके से बिजनेस करने वाले लोग तो टैक्स देते हैं लेकिन रोड पर धंधा करने वाले लोग किसी भी तरह की टैक्स नहीं देते, जबकि वे हर महीने लाखों की धंधा करते हैं। इन्हीं लोगों को निशाना बनाकर सरकार का डर दिखाकर वसुली का व्यवस्थित धंधा शुरु किया जाता है। फिल्म खांचा भाई में इस पूरे मैकेनिज्म को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म खांचा भाई कंप्लीट हो चुकी है। इस फ़िल्म के प्रोड्यूसर, डायरेक्ट व रायटर हैं गुरु चक्रवर्ती। गुरु चक्रवर्ती बताते हैं कि इस फिल्म में एक विषय पर प्रकाश डाला गया है जिस पर अब तक किसी की नजर नही पड़ी है। फिल्म सभी कलाकारों ने बेहतर अभिनय किया है। यह फिल्म दर्शकों को निश्चित रूप से पसंद आएगी। समर भारद्वाज, सुरेंद्र ठाकुर,राज अग्रवाल,आरिफ अली, भूपेन्द्र सिंह, जावेद नावेल्टी, इरफान अंसारी, दिनेश सिंह बागड़ी, मेघना मेहता, सिद्धि, कुलदीप सिंह,केके सिंह, आगा सिंह, सुप्रभाष राजपूत, रेवंत पांडेय ने इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई है।


# मदर्स डे पर कलाकारों ने माँ से मिली अनमोल सिखों के बारे में बताया!

माँ और बच्चे के बीच का रिश्ता सबसे मजबूत और गहरा होता है। माँ की सीख और संस्कार ही बच्चे के भविष्य की नींव रखते हैं। इंटरनेशनल मदर्स डे के इस खास मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपनी माँ से मिली जिंदगी की अनमोल सीखों को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे वे आज भी उन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाते हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- विक्रम द्विवेदी ('भीमा' के विशंभर सिंह), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। विक्रम द्विवेदी, यानी 'भीमा' के विशंभर सिंह, कहते हैं,"मेरी माँ हमारे परिवार की भावनात्मक रीढ़ रही हैं। उन्होंने मुझे धैर्य की ताकत और मौन की शक्ति सिखाई है। मैंने उन्हें सबसे मुश्किल हालात को भी बेहद शांति और करुणा से संभालते देखा है। एक सीख जो हमेशा मेरे साथ रही है, वह यह कि 'दया एक ऐसी चीज है, जो हर दौर में लोगों का दिल जीतती है।' उनकी सादगी और ज़मीन से जुड़े स्वभाव ने मुझे न सिर्फ एक इंसान के तौर पर, बल्कि एक अभिनेता के रूप में भी प्रभावित किया है। आज भी जब कोई बड़ा शूट या ऑडिशन होता है, तो उनकी कही बात याद आती है कि 'अपना बेस्ट दो और बाकी किस्मत पर छोड़ दो।' इस मदर्स डे पर मैंने प्लान किया है कि माँ को सरप्राइज़ देने उनके घर जाऊँ, क्योंकि कई बार हमारी मौजूदगी ही सबसे बड़ा तोहफ़ा होती है।" गीतांजलि मिश्रा, ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश ने कहा, 'मेरी माँ मेरी पहली गुरु और हमेशा मेरी मार्गदर्शक रही हैं। उन्हीं से मैंने सीखा कि हालात चाहे जैसे भी हों, हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। जब-जब मैंने खुद पर भरोसा खोया, माँ ने मुझे आत्मविश्वास दिया। उनकी एक बात जो हमेशा मेरे दिल में रही वह कि 'जब छोड़ देने का मन करे, तो याद करो कि शुरुआत क्यों की थी।'



ज़िंदगी के हर उतार-चढ़ाव में यही सोच मेरा सहारा बनी। घर, रिश्ते और अपनी पहचान को जिस खूबसूरती से माँ ने संभाला है, वह आज भी मुझे प्रेरणा देता है। इस मदर्स डे पर मैं पूरा दिन उन्हें स्पेशल फील कराने में की कोशिश करूंगी, क्योंकि वो हर खुशी और प्यार की हक़दार हैं।'' शुभांगी अत्रे ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी ने कहा, माँ का प्यार सबसे निस्वार्थ और सच्चा होता है, और मुझे वो भरपूर मिला है, ये मेरी सबसे बड़ी खुशी है। मेरी माँ ने हमेशा मुझे बड़ा सपना देखने के लिए प्रेरित किया, लेकिन साथ ही विनम्र बने रहने की सीख भी दी। उनका जीवन में अनुशासन और अपनेपन का खूबसूरत संतुलन है।

आज भी जब कभी मन डगमगाता है, तो उनकी आवाज़ मेरे ज़ेहन में गूंजती है कि 'ज़मीन से जुड़े रहो और शुक्रगुज़ार बनो।' उन्होंने मुझे जो सबसे सुंदर सीख दी, वो ये है कि 'अगर सफलता पाकर भी खुद को खो दो, तो वो सफलता किसी काम की नहीं।' मैं भी कोशिश करती हूँ कि अपनी बेटी के लिए वही सहारा और



खुशियों का स्तंभ बन सकूँ, जो मेरी माँ मेरे लिए रहीं। इस खास दिन पर मैं सभी मांओं को, और खुद को भी (मुस्कुराते हुए), दिल से हैप्पी मदर्स डे कहना चाहूंगी!"


## निखिल आर्य 'तेनाली रामा' में रहस्यमयी अतीत वाले

सोनी सब का लोकप्रिय शो तेनाली रामा अपनी चतुराई, ज्ञान और मनोरंजक मोड़ों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ रही है और रामा की प्रतिष्ठा के सामने नई चुनौतियां आ रही हैं। एक नया किरदार शो में प्रवेश करने जा रहा है — ऐसा किरदार जो कम बोलता है, लेकिन सब कुछ देखता है, और बिना आवाज़ उठाए अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है।मशहूर अभिनेता निखिल आर्य शो में कोतवाल की भूमिका निभा रहे हैं — एक ऐसा गूढ़ पात्र जो राज्य का मूक रक्षक और कानून का सख्त पालनकर्ता है। कोतवाल कम बोलने वाला, लेकिन रहस्यों से भरा हुआ व्यक्ति है। अनुशासित और बेदाग, वह हर अपराध स्थल पर मौजूद रहता है, हर उलझन की तह तक जाता है, लेकिन अपनी शांत मौजूदगी से जैसे अदृश्य सा लगता है। तेनाली रामा (कृष्णा भारद्वाज) और लक्ष्मण (कुणाल करन कपूर) के साथ कोतवाल की त्रिकोणीय साझेदारी शो की कहानी को एक नया आयाम देती है — जहां रामा नाटकीय है, लक्ष्मण संतुलित है, वहीं कोतवाल अचल है — एक जीवित शिलाखंड, जिसकी निगाहें कुछ नहीं छोड़तीं। उसकी मौन और जटिल प्रवृत्ति रामा और लक्ष्मण दोनों के लिए एक पहेली बन जाती है। दोनों मिलकर एक दोस्ताना शर्त लगाते हैं — कौन पहले कोतवाल को हँसा पाएगा? लेकिन इस शांत और स्थिर चेहरे के पीछे एक गहरा रहस्य छिपा है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, यह साफ़ हो जाता है कि जो सबसे कम बोलते हैं, उनके पास कहने को सबसे ज़्यादा होता है।निखिल आर्य ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, "कोतवाल का किरदार निभाना मेरे लिए एक रोमांचक चुनौती रहा है। ऐसा किरदार मिलना दुर्लभ है जिसकी ताकत उसकी चुप्पी में हो। उसमें एक तीव्रता है — वह हमेशा मौजूद रहता है, हर बात पर नज़र रखता है, लेकिन कभी फिजूल नहीं बोलता। असली मज़ा उसकी सूक्ष्म प्रतिक्रियाओं में है — हलकी भौंहें उठाना, तिरछी निगाह डालना — यही उसका संवाद हैं। तेनाली रामा जैसे शो का हिस्सा बनना, जो हास्य और गहराई का बेहतरीन संतुलन है, वास्तव में आनंददायक है। कोतवाल, रामा और लक्ष्मण के बीच की केमिस्ट्री दर्शकों को ज़रूर पसंद आएगी, खासकर उन्हें हँसाने की कोशिशें। मैंने पहले कभी ऐसा किरदार नहीं निभाया — स्थिर, सशक्त और पढ़ना मुश्किल — और मैं आगे की कहानी को लेकर बेहद उत्साहित हूं।"



# कलाकारों ने बताया अपनी गर्मियों का फिटनेस रूटीन!

**मुंबई.** भीषण गर्मी में एक्टिव रहना मुश्किल हो सकता है, पर फिटनेस के सही तरीके अपनाने से सेहतमंद और तरोताजा रहना बेहद आसान है। मौसम के हिसाब से कसरत का समय और तरीका बदलने से बहुत फर्क पड़ता है। एण्डटीवी के कलाकारों ने र्गिमयों में फिट, कूल और मोटिवेटेड रहने के अपने पसंदीदा तरीकों के बारे में बताया। इनमें शामिल हैं विक्रम द्विवेदी (विशंभर सिंह, भीमा), सपना सिकरवार (बिमलेश, हप्पू की उलटन पलटन), और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, भाबीजी घर पर हैं)। 'भीमा' में विशंभर सिंह का किरदार अदा कर रहे विक्रम द्विवेदी कहते हैं, ''मेरे लिए गर्मी बहाना नहीं, बल्कि यह एक प्रेरणा है। मैं अपना वर्कआउट सुबह या शाम को करता हूँ ताकि धूप से बच सकूँ। मैं प्लैंक, जंपिंग जैक और बर्पी जैसी आसान बॉडीवेट वाली एक्सरसाइज करता हूँ, जिससे मेरा स्टैमिना बना रहता है। पानी पीना बहुत जरूरी है, इसलिए मैं छाछ, नारियल पानी और कभी-कभी घर का बना बेल का शरबत पीता हूँ। शूटिंग के दौरान भी एक्टिव रहना मेरे लिए सबसे जरूरी है।'''हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का रोल निभा रहीं सपना सिकरवार कहती हैं, ''मुझे गर्मी में बहुत अच्छा और एनर्जेटिक लगता है। र्गिमयों में बड़े दिन और खुला मौसम मेरा मन खुश कर देते हैं। मैं शाम को लंबी वॉक पर जाती हूँ, जो आराम करने और नेचर से जुड़ने का मेरा 'मी टाइम' होता है। घर पर मैं डांस करती हूँ, जिससे कैलोरी भी बर्न होती है और मूड भी अच्छा हो जाता है। सबसे मजेदार बात ये है कि मेरी बेटी भी मेरे साथ डांस करती है, और हम खूब हंसते-गाते हैं। इसके अलावा, मैं आसान योगा भी करती हूँ ताकि मेरी बॉडी लचीली रहे और मन शांत रहे। खुद को हाइड्रेट और कूल रखने के लिए मैं तरबूज का ज्यूस पीती हूं। ये बहुत रिफ्रेशिंग और हेल्दी होता है। और कसरत के बाद ठंडी छाछ में पुदीना डालकर पीने का तो मजा ही कुछ और है। मेरे हिसाब से, फिटनेस कभी भी मुश्किल नहीं लगनी चाहिए। ये मजे करने, एक्टिव रहने और इसे अपनी रोज की जिंदगी का खुशनुमा हिस्सा बनाया जाना चाहिए।''



'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार अदा कर रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''फिटनेस मेरी हिम्मत है, खासकर जब पूरे दिन के शूटिंग शेड्यूल्स बेहद थकाने वाले होते हैं। इससे मुझे आराम मिलता है और अपना बेस्ट परफॉर्मेंस देने के लिए एनर्जी भी मिलती है। गर्मी में मुझे पिलाटे और योगा करना अच्छा लगता है, ये दोनों एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं। पिलाटे से पेट की मसल्स मजबूत होती हैं और बॉडी सीधी रहती है, जबकि योगा से शांति मिलती है और बैलेंस बना रहता है, जो बिजी लाइफ में बहुत जरूरी है। वीकेंड्स पर मैं स्विमिंग करती हूँ। ये आराम करने, कूल रहने और बिना गर्मी लगे बॉडी की हर मसल को धीरे-धीरे कसरत कराने का अच्छा तरीका है। खाने की बात करें तो मैं डाइटिंग या नए ट्रेंड पर भरोसा नहीं करती। मुझे सादा और मौसमी खाना पसंद है जो मुझे अंदर से ताकत दे। पानी पीना मेरे लिए बहुत जरूरी है। मैं पूरे दिन नारियल पानी और आम पन्ना पीती रहती हूँ। ये नैचुरल ड्रिंक्स मुझे फ्रेश रखते हैं और बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट का बैलेंस बनाए रखते हैं। मेरे लिए फिटनेस कुछ बहुत ज्यादा करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह मेरी स्वाभाविक लाइफस्टाइल का हिस्सा है। हमेशा कुछ न कुछ करते रहना, अपनी बॉडी की सुनना और सोच-समझकर कसरत करना मेरी आदत है।''

## एक नजर

### बारसूर में हुआ डेनेक्स फैक्ट्री का शुभारंभ




**दंतेवाड़ा,11 सितंबर।** आज बारसूर नगर पंचायत अंतर्गत पूर्व में क्षतिग्रस्त हुए डेनेक्स फैक्ट्री का पूर्ण मरम्मत कर पुनः शुभारंभ कर दिया गया है। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं को लगन और मेहनत से अपने कार्य को अंजाम देने का हौसला देते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के समक्ष मिसाल कायम करें। कलेक्टर ने इस दौरान महिलाओं से रूबरू होते हुए कहा कि जिला प्रशासन डेनेक्स फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं के हितों के संबंध में हर संभव प्रयास करेगा। साथ ही यहां निर्मित परिधानों की मार्केटिंग के संबंध में नये कार्ययोजना तैयार करने संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने यहां अतिरिक्त बस की आवश्यकता को देखते हुए एक बस उपलब्ध कराने पर भी सहमति दी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इस फैक्ट्री में पुरुष परिधानों ही बनाये जा रहा है तथा 100 महिलाएं यहां कार्यरत है।

### आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्कयन परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**दंतेवाड़ा,11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्कयन परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह परीक्षा 20 अप्रैल 2025 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई थी।परीक्षा के मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट ीजजचरूध्ध्मासंअल.तहपम पर प्रदर्शित कर दिए गए हैं। यदि किसी परीक्षार्थी को इन उत्तरों पर आपत्ति है, तो वे 15 मई 2025, रात्रि 12 बजे तक संबंधित कार्यालय में दस्तावेजों सहित अपनी दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बिना प्रमाण के प्रस्तुत आपत्तियां अस्वीकार की जाएंगी। आपत्तियों की जांच के उपरांत विभाग द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा, जो सभी के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा। प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों और संबंधित अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे समय सीमा के भीतर अपनी आपत्तियां दर्ज कराएं।

### दंतेवाड़ा में 16 मई को प्लेसमेंट कैम्प युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**दंतेवाड़ा,11 सितंबर।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरा अवसर के रूप में 16 मई 2025 (शुक्रवार) को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज कारली, दंतेवाड़ा में प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पूरी तरह से निःशुल्क है। प्लेसमेंट कैम्प में विभिन्न पदों के लिए कुल 705 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रतियां, एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। इसके साथ ही मेसर्स गार्जियन्स सिक्योरिटी एंड फेसिलिटीज प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद में सिक्योरिटी गार्ड के 600 पद, हाउसकीपिंग के 100 पद तथा एएसओ के 05 पद स्वीकृत किये गए है। यह कैम्प युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक बेहतरीन मौका है।

### निरीक्षक,उपनिरीक्षकों का तबादला



**भिलाई, 10 मई।** भिलाई प्रशासनिक कारणों से पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर निरीक्षक और उपनिरीक्षको का तबादला किया गया है जिले के दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के तहत 9 निरीक्षकों, 5 उप निरीक्षकों, 3 सहायक उप निरीक्षकों और प्रधान आरक्षक को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना पर भेजा गया है। निरीक्षक ममता अली को अमलेश्वर से कोतवाली दुर्ग, राजकुमार लहरे को जामगांव आरसी पदमनाभपुर, विजय यादव को कोतवाली से सूपेला, राजेश मिश्रा को सुपेला से जामुल, शिव चंद्र को मोहन नगर से जामगांव आर और केशव कोसले को पवनापुर से मोहन नगर थाना प्रभारी के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सुकमा भाजपा संगठन में असंतोष की आंच और रणनीतिक पुनरावलोकन की घड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,11 सितंबर।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय का सुकमा प्रवास केवल एक औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि संगठन में बढ़ते असंतोष, रणनीतिक भ्रम और राजनीतिक रिक्तता की पड़ताल का अवसर है। बीते विधानसभा चुनावों में कोंटा विधानसभा से पार्टी का प्रदर्शन पूरी तरह निराशाजनक रहा। नगरीय निकायों में भले कुछ जीत दर्ज की गई हो, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा तीसरे स्थान पर सिमट गई–जो चिंतन का विषय है।

### संगठन में पनपता असंतोष और नेतृत्व पर सवाल

हाल के घटनाक्रमों ने सुकमा भाजपा संगठन की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। लाल मिट्टी डंपिंग मामले पर जिला अध्यक्ष का धरना और फिर अचानक खामोशी–इसने पार्टी की छवि को धूमिल किया है। इस मुद्दे ने न सिर्फ प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए, बल्कि यह भी उजागर किया कि भाजपा नेतृत्व जनता के आक्रोश को परिणाम तक नहीं पहुंचा सका।

वहीं दूसरी ओर, आगामी विशेष बैठक से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, महिला आयोग की सदस्य, और जैसे वरिष्ठ नेता पीलूराम यादव को आमंत्रित न करने की खबर ने आंतरिक असंतोष को हवा दी है। भाजपा जैसे अनुशासित दल में इस तरह की उपेक्षा नेतृत्व क्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगाती है।

### राजनीतिक सौदेबाजी और असफल संवाद

जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान भाकपा नेता मनीष कुंजाम से चर्चा के लिए जगदलपुर भेजे गए वन विभाग के अधिकारी की पहल विफल रही। बाद में कुंजाम की पत्रकार वार्ता और भाजपा पर लगाए गए आरोपों ने पार्टी की राजनीतिक सौदेबाज़ी की रणनीति को कटघरे में खड़ा कर दिया। इससे न सिर्फ पार्टी की छवि खराब हुई बल्कि कार्यकर्ताओं का मनोबल भी गिरा।

### सरकार विरोधी रणनीति और बीजापुर मॉडल की चर्चा

सूत्रों के अनुसार, प्रवास के दौरान बीजापुर की तर्ज पर सुकमा में भी सरकार विरोधी आंदोलन (जैसे चक्काजाम) की योजना पर चर्चा हो सकती है। यह प्रश्न उठता है कि भाजपा कार्यकर्ता अपनी ही सरकार में क्यों सड़क पर बैठने को मजबूर हुए? यह घटना ऊपर तक पहुंच चुकी है और प्रदेश नेतृत्व इस बात से नाराज़ है कि जिले में संगठन अपने कार्यकर्ताओं की भी आवाज नहीं बन पा रहा।

### संगठनात्मक पुनर्गठन की ज़रूरत

अब जब जिले में संगठनात्मक चुनाव संपन्न हो चुके हैं और जिला कार्यसमिति के गठन की तैयारी है, तो यह समय नए और जमीनी जुड़ाव वाले चेहरों की तलाश का है। परंतु यह तभी संभव है जब संगठन वरिष्ठता, अनुभव और समर्पण को सम्मान दे। नारायणपुर, कोंडागांव और जगदलपुर में सफल प्रवास के बाद सुकमा से भी संगठन को सकारात्मक संकेत चाहिए।

### भविष्य की राह- समन्वय सक्रियता और सत्यनिष्ठा

यदि भाजपा सुकमा में आगामी चुनावों में वापसी करना चाहती है, तो उसे आंतरिक संवाद को मजबूत करना होगा। जनता के सवालों का ईमानदार उत्तर, ज़मीनी मुद्दों पर स्पष्ट रुख और नेतृत्व में समावेशिता ही संगठन को फिर से मजबूत कर सकती है। लाल मिट्टी, संगठन की निष्क्रियता और नेताओं के निजी समीकरण–ये सब मिलकर पार्टी को तीसरे स्थान तक ले जा सकते हैं, यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ।

# भारत स्काउट गाइड से आत्मविश्वास बढ़ता है

**जगदलपुर,11 मई।** भारत स्काउटस एवं गाइड्स से जुड़ना गर्व की बात है। इससे सम्मान तो होता ही है साथ ही स्वयं की जिम्मेदारी का भी एहसास होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व का विकास होता है। सेवा के काम में निपुण बनते हैं। प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है। उपरोक्त बातें आयुक्त स्काउटस एवं गाइड्स व नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे ने कही। ज्ञात हो कि भारत स्काउटस एवं गाइड्स जिला संघ की ओर से जगदलपुर सहित अन्य 6 विकासखंडो में एक माह तक प्याऊ का उद्घाटन किया गया था। 9 अप्रैल से 9 मई तक पुरे जिले में प्याऊ घर संचालित किया गया था। जिसका उद्घाटन जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे ने किया था।इसके समापन पश्चात आज स्थानीय कन्या क्रमांक 2 स्कूल में जल सेवा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन छात्राओं व शिक्षकों का सम्मान किया गया जिन्होंने एक महीने तक प्याऊ घर में अपनी सेवाएं दी थी। मालूम हो की जगदलपुर के चिन्हित स्थानों पर व ग्रामीण इलाकों में प्याऊ घर का उद्घाटन भारत स्काउटस एवं गाइड्स द्वारा किया गया था। जिसका सफल संचालन शिक्षकों के साथ साथ बच्चों ने भी किया था। उन बच्चों को आज प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त स्काउटस एवं गाइड्स व नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे, स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, खगेंद्र ठाकुर, गायत्री बघेल, आशा साहू, प्रकाश झा, वीरेंद्र जोशी, विवेक जैन, डीएमसी अखिलेश मिश्रा, प्राचार्य सुधा परमार, राकेश खापर्डे, टी महेश, रज्जी वर्गीस, लीलेश देवांगन, दशरू राम यादव, याशमीन नेताम, ज्योति तिग्गा, किरण यादव, रुमा निकहत, जयंती लोहाना, कृष्ण कुमार मौर्य, तनुल गुप्ता, खगपति बघेल, नवीन कुमार ठाकुर, निशा साहू, जुलेखा साहा आदि उपस्थित रहे।

# डबल इंजन की सरकार व सांसद की मेहनत से बस्तर का हो रहा है कायाकल्प: जी.श्रीनिवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रावघाट-जगदलपुर, 11 मई।** नई रेल लाईन की स्वीकृति मिलने पर भाजपा नेता जी. श्रीनिवास रेड्डी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और बस्तर सांसद महेश कश्यप का आभार जताया रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाईन ( 140 कि मी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी हैं। इस परियोजना में भारत सरकार 3513.11 करोड़ रु खर्च करेगी जिसका वहन केंद्रीय सरकार करेगींकेंद्र सरकार से मिली इस स्वीकृति बीजापुर जिले के भाजपा नेता और पूर्व सांसद प्रतिनिधि जी. श्रीनिवास रेड्डी ने प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी और बस्तर सांसद महेश कश्यप जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि राजघाट रेल परियोजना का विस्तार करते हुए उसे बस्तर जगदलपुर से जोड़ा जाए इससे बस्तर में विकास के नए द्वार खुलेंगे। अपने प्रेस विज्ञप्ति में जी. श्रीनिवास रेड्डी ने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने राजघाट से जगदलपुर रेल लाइन विस्तार की मंजूरी देकर बस्तर वासियों को एक बड़ी सौग़ात दी है।

# कमिश्नर ने समाधान शिविर पहुंचकर ग्रामीणों से निराकरण की जानकारी ली

**कांकेर,11 मई ।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह शुक्रवार को कांकेर जिले के सघन भ्रमण के दौरान नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सरोना में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू होकर जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित समस्या-मांगों के निराकरण के बारे में जानकारी ली। साथ ही राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड इत्यादि की उपलब्धता के बारे पूछा। वहीं छूटे हुए व्यक्तियों का आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन करवाने की समझाइश ग्रामीणों को दी। नरहरपुर विकासखण्ड के सरोना में आयोजित समाधान शिविर में कलस्टर क्षेत्र के समाहित 14 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन उपस्थित थे।कमिश्नर ने समाधान शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर आवेदन पत्रों के निराकरण स्थिति की जानकारी ली और पेयजल हेतु हैंडपंप एवं सोलर ड्यूल पंप मरम्मत तथा नवीन हेण्डपम्प स्थापना, किसान किताब प्रदाय, भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार, फौती-नामांतरण, बंटवारा-सीमांकन प्रकरणों का निराकरण, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्रों के नामांतरण एवं बंटवारा की कार्यवाही सहित खरीफ सीजन के लिए खाद-बीज का भंडारण एवं किसानों को वितरण, सिंचाई पम्पों का विद्युतीकरण, लर्निंग लायसेंस प्रदाय,उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लक्षित बच्चों एवं माताओं को पूरक पोषण आहार का प्रदाय, स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

# समाधान शिविरों के जरिए जनसेवा का नया अध्याय




**सुकमा,11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में इन दिनों सुशासन तिहार की गूंज है, जिसमें सुकमा जिला भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए शासन-प्रशासन को जन-जन तक पहुंचाना है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में 5 मई से राज्यव्यापी समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, सुगर आदि स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। जरूरत मंद पीड़ितों को जरूरी उपचार कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की जा रही हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में उपस्थित होकर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें विशेष तैयारियों के तहत सुकमा जिले में जिला कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में समाधान पेटियां स्थापित की गईं। इन समाधान पेटियों के माध्यम से जनता से कुल 50593 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मांग, शिकायतें और समस्याएं दर्ज की गई। शासन की मंशा है कि इन आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा। इनमें से अब तक कुल 33216 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया है।अब तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक जिले में कुल 39 समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें नगरीय क्षेत्र के 13 और ग्रामीण क्षेत्र के 26 शिविर शामिल हैं। इन शिविरों में न सिर्फ जनसमस्याओं का समाधान किया जा रहा है, बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी वितरित किए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें।यह अभियान न केवल समस्याओं के समाधान तक सीमित है, बल्कि यह सुशासन की संस्कृति को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास है। आम जनता को शासन की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी मिल रही है, और उनकी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जा रहा है। इससे जनता और प्रशासन के बीच की दूरी कम हुई है और भरोसा मजबूत हुआ है। आकांक्षी जिला सुकमा में चल रहा समाधान शिविर निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में जनसेवा का नया अध्याय लिख रहा है।

# हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले:चैतराम अटामी

**दंतेवाड़ा,11 मई ।** आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के परचेली स्टेडियम में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कटेकल्याण, परचेली, नड़ेनार, चिकपाल, मारजुम, बेंगलुर और मथाड़ी के ग्रामीण जन शामिल हुये। शिविर में उपस्थित हुए क्षेत्र विधायक श्री चैतराम अटामी ने यहां ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं में शत प्रतिशत भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिविर का उद्देश्य यह है कि शासन की योजनाएं अंतिम छोर के व्यक्ति पहुंचे। इसके लिए विभागों के यह दायित्व है कि वे हर पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करे। इसके साथ ही उन्होंने शिविर में 10वीं, एवं 12वीं में जिले एवं ब्लॉक स्तर पर टॉप किये छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।उक्त समाधान शिविर में 22 विभागों से कुल 1229 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 1215 मांग व 14 शिकायत थे, जिसमें 1213 आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया। इसके अलावा विधायक द्वारा परचेली स्टेडियम में नवनिर्मित जिम व लाइब्रेरी का उद्घाटन भी किया गया। जनपद अध्यक्ष कटेकल्याण हिड़मा कवासी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण श्री भीमसेन मंडावी, जनपद सदस्य, सरपंच, एवं पंच सहित डिप्टी कलेक्टर श्री मूलचंद चोपड़ा, जनपद पंचायत सीईओ श्री आशीष डे, तहसीलदार श्रीमती आशा मौर्य एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### विधायक ने सुरक्षित मातृत्व के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने की अपीलकी

**दंतेवाड़ा, 11 मई ।** आगामी 11 मई को मातृत्व दिवस के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत आज गीदम के स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। यह कार्यक्रम 11 मई को मनाए जाने वाले मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य माताओं की भूमिका को सम्मानित करना और सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन संस्था के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि मातृत्व दिवस तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी माताओं को सुरक्षित प्रसव के प्रति सचेत और जागरूक करना है ताकि माता और नवजात शिशु का स्वास्थ्य उत्तम रहे। उन्होंने उपस्थित से आग्रह किया ग्रामीणों महिलाओं को शासन द्वारा माता एवं नवजात शिशु के संबंध में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी अवश्य देवें।

# बाल संरक्षण तंत्र को सशक्त बनाने पर जोर दिया अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने

**सुकमा,11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य बाल अधिकार आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा आज सुकमा जिले के प्रवास पर रही। इस दौरान डॉ. वर्णिका शर्मा ने बस्तर सेवक मंडल बालगृह छिन्दगढ़ का औचक निरीक्षण कर, न्यू सर्किट हाउस सुकमा में बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक भी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालगृह में रह रहे बच्चों से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई, दिनचर्या और सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. शर्मा ने उन्हें शिक्षा का महत्व समझाया और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. शर्मा ने बालगृह में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उन्होंने बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर न्यू सर्किट हाउस सुकमा में बैठक भी ली, जिसमें विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए।बैठक में बाल श्रम की रोकथाम के लिए जिले में हर माह विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि जिले में बाल श्रम की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। डॉ. शर्मा ने यह भी बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ को बाल विवाह मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि किशोर-किशोरियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल, पोटाकेबिन, आश्रमों में जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण एवं क्षमता वृद्धि सत्र आयोजित किए जाएं।इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, नगर पालिका परिषद सुकमा के अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम, उपाध्यक्ष श्रीमती भुनेश्वरी यादव, जिला महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले, श्रम विभाग के पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधि, विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सरोना समाधान शिविर में कई गावों के आवेदनों का किया गया निराकरण

**कांकेर, 11 मई ।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आम नागरिकों के समस्याओं और मांगों के समयबद्ध निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आज समाधान शिविर का आयोजन नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सरोना में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सोच है कि आम जनता की समस्याओं का समाधान और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे गांवों में ही मिले, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अब हर व्यक्ति जन्म प्रमाण पत्र से लेकर राशन कार्ड तक सभी आवश्यक दस्तावेज आसानी से शिविरों के माध्यम से बनवा सकता है। उन्होंने किसानों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से आगे बढ़कर इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।



कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विधायक एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया।शिविर में कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें प्रमुख रूप से जनपद पंचायत नरहरपुर के 36, राजस्व विभाग के 25, वन विभाग के 22 और खाद्य विभाग के 10 आवेदन शामिल हैं। साथ ही आवेदनों के निराकरण पश्चात हितग्राहियों को 07 जॉब कार्ड, 04 शौचालय स्वीकृति, 05 राशन कार्ड सहित वन अधिकार पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सोमन सिंह कावड़े, जनपद उपाध्यक्ष श्री संजू गोपाल साहू, एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निधन

### शकुंतला मिश्रा



**जगदलपुर।** अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता रही शकुंतला मिश्रा जी उम्र 95 वर्ष,स्व.पति दीनानाथ मिश्रा जी का आज निधन हो गया है, स्व.दीनानाथ मिश्रा जगदलपुर नगर पालिका निगम के प्रथम अध्यक्ष रहे साथ ही आज़ाद हिंद फौज के सिपाही व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे.वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व.संजय मिश्रा की माता थी। स्व.शकुंतला मिश्रा जी का अंतिम संस्कार कल रविवार सुबह 9:00 मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# पालनार,गमावाड़ा समाधान शिविर में 908 आवेदनों का निराकरण

**दंतेवाड़ा, 11 मई ।** सुशासन तिहार-2025 के तृतीय चरण के अंतर्गत होने वाले समाधान शिविर के क्रम में आज कुआकोण्डा जनपद अंतर्गत पालनार तथा दंतेवाड़ा के गमावाड़ा के ग्राम में समाधान शिविर आयोजित हुए। उक्त शिविर में ग्राम पालनार के साथ-साथ मघराहऊरनार, टीकनपाल, चोलनार एवं कलेपाल ग्रामों के बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों में सहित शिविर में प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री कमल किशोर, जनपद पंचायत सीईओ श्री दिनेश वर्मा तथा अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदनों का तथ्यवार समाधान प्रस्तुत करते हुए उन्हें जानकारी दी गई। पालनार में कुल 921 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 908 समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही,



विभिन्न विभागों द्वारा 14 हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें योजना से जोड़ा गया। इसके साथ ही सहकारिता विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों के क्रेडिट कार्ड बनाए गए एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही ग्राम गमावाड़ा में 1974 आवेदनों में से 1845 आवेदनों का मौके पर निराकरण कर हितग्राहियों को सूचित किया गया है। लंबित आवेदनों के संबंध विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि शासन द्वारा हितग्राही लक्ष्य प्राप्ति पर उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी। इस क्रम में किसान क्रेडिट मिलने से प्रसन्न ग्राम पालनार के हितग्राही कृषक राजनाल कुंजाम पटेलपारा ने कहा कि वहां अपने सात एकड़ के भूमि में धान और सब्जी की ही खेती करता है। परन्तु टेऊक्टर के अभाव में वहा अपनी खेती को उन्नत नहीं कर पा रहा था परन्तु अब किसान क्रेडिट के माध्यम से अब उस बैंक से लोन मिल पाएगा और टेऊक्टर खरीदने का सपना पूरा होगा। इसके साथ उन्हें अन्य ग्रामीणों को सलाह दी की वे सुषासन तिहार शिविर में आकर अपनी मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग द्वारा इस षिविर में 10 महिलाओं की गोद भराई एवं 07 बच्चों का अन्नप्राशन रस्म किया गया। इस प्रकार गमावाड़ा में समाधान शिविर में बच्चें के जाति प्रमाण-पत्र बनने पर उनके पालकों ने खुशी जाहिर की और शासन का आभार व्यक्त किया। यहां समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांजनों और वरिष्ठजनों को 4 नग स्टिक, 03 श्रवणयंत्र,02 बैसाखी, 02 व्हीलचेयर वितरित किया गया। कुल मिलकर इन शिविरों के माध्यम से सुशासन के सिद्धांतों को धरातल पर उतारने तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हो रहा है।

# तेंदूपत्ता की क्वालिटी खराब

**सुकमा,11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छिंदगढ़ समिति फड़ पिट्टेवारा में तेन्दूपत्ता जो हरा सोना के नाम से जाना जाता है। हवा-तूफान व बारिश से क्वालिटी खराब हो चुकी है। इस वर्ष पत्ता की खरीदी भी देरी से हुई है। पत्ते आपस में चिपक जुड़ भी गया हैं। जो टारगेट दिया गया है वह पूरा नीहं हो सकता है। कहीं-कहीं खरीदी एक या दो दिन हुई ।



# सब्जी मंडी संजय कांप्लेक्स का होगा कायाकल्प



**रायगढ़।** शनिवार की सुबह नगर निगम महापौर, जीवर्धन चौहान सभापति डिग्री साहू और आयुक्त बृजेश सिंह ने संजय काम्प्लेक्स सब्जी मंडी को सुंदर व्यवस्थित समृद्ध बनाने मैराथन निरीक्षण किया। महापौर जीवर्धन ने कहा संजय कॉम्प्लेक्स के शहरवासियों की नियमित आवाजाही लगी होती है। इसलिए इसे व्यवस्थित बनाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा संजय कॉम्प्लेक्स के प्रति हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे हैं।निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य , पार्षदगण के आलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि की मौजूदगी भी रही । संजय मार्केट सब्जी मंडी को समृध्द व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम की टीम पूरी मुस्तैद नजर आई। पिछले 10 दिनों से निगम के द्वारा संजय मार्केट को व्यवस्थित बनाने के लिए पूरी कार्ययोजना बनाई जा रही है। कुछ दिनों पूर्व ही निगम निगम के आग्रह पर स्थानीय व्यापारियों ने सहयोग करते हुए नालियों के उपर किये गये अतिक्रमण को स्वयं हटाया था ताकि वर्षा पूर्व समुचित साफ सफाई की जा सके एवं जानलेवा डेंगू को पनपने से रोका जा सके।

संजय कॉम्प्लेक्स में मौजूद सभी व्यवसाईयों से निर्धारित दायरे के अंदर सामान रखनें का आग्रह किया गया ताकि संजय कॉम्प्लेक्स को व्यवस्थित बनाया जा सके। निगम की सकारात्मक पहल का यह सुखद नतीजा नजर आया जहां पैदल चलना कठिन था वहां दुपहिया वाहनों की सुगमता पूर्वक आवाजाही हो रही है। संजय मार्केट कॉम्प्लेक्स के चारों ओर बीटी सडक़ के निर्माण का निर्णय लिया गया है इसके लिए प्राक्कलन तैयार किया जा रहा। बीटी सडक़ के निर्माण के साथ स्थानीय व्यापारियों एवं आने वाले ग्राहकों को सुविधाएं मिलेगी। उनका व्यापार बढ़ेगा।सडक़ निर्माण के साथ चौड़ाई बढऩे से वाहनों की आवाजाही से सुगमता होगी।

सुग्घर संजय कॉम्प्लेक्स बनाने महापौर एवं पार्षद निधि का मुँह खोलानिचले हिस्से में निर्मित होने की वजह से एवं वॉटर ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने की वजह से हर साल संजय कॉम्प्लेक्स में पानी भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।हर साल बारिश में यहां जलभराव की स्थिति बन जाती थी । जिससे छोटे व्यवसाईयों को अंतहीन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चारों तरफ का पानी संजय कॉम्प्लेक्स में भर जाता है । सुभाष चौक, महात्मा गांधी चौक क्षेत्र का पानी भी यहां नाले से जाता है । स्थानीय व्यापारियों ने महापौर को इस समस्या से अवगत कराया।जिसके बाद शहर सरकार ने स्थल निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया । लंबे समय से व्यापारियों को इस समस्या से मुक्ति दिलाने महापौर नें अपनें निधि से 25 लाख रूपये एवं वार्ड पार्षद सुरेश गोयल नें भी पार्षद निधि से नाला निर्माण कार्य स्वीकृति प्रदान की है । शहर सरकार की इस प्रतिबद्धता की व्यापारियों नें मुक्त कंठ से सराहना की।

छोटे व्यापारियों का व्यापार बढ़ेगा- जीवर्धन चौहान

महापौर जीवर्धन ने कहा संजय कॉम्प्लेस व्यवस्थित बन जाने से लघु व्यवसाईयों को लाभ मिलेगा। चौड़ी सडक़ ड्रेनेज सिस्टम बन जाने से पानी भराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी।व्यापार बढऩे से छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा

### निरीक्षण के दौरान मौजूदगी

निरीक्षण के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू, आयुक्त ब्रजेश सिंह क्षत्रीय, एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, पूनम सोलंकी, अशोक यादव , मुक्तिनाथ बबुआ, त्रिवेणी डहरे, अमित शर्मा, आनंद भगत, पार्षद ज्योति यादव, नेहा देवांगन, नब्बू खान, मुक्कु यादव,श्री भारद्वाज, निगम से उपायुक्त सूतीक्षण यादव,ईई अमरेश लोहिया ,एई सूरज देवांगन, शिव यादव, रमेश तांती, अरविंद उपाध्याय की मौजूदगी रही।

# तेन्दूपत्ता संग्रहण शुरू,संग्राहक परिवारों को मिलेगा आर्थिक संबल



**बीजापुर, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में वनों पर आधारित आजीविका से जुड़े हजारों परिवारों के लिए एक सकारात्मक पहलू का आगाज हो गया है। इस वर्ष तेन्दूपत्ता संग्रहण के लिए निर्धारित 1,21,600 मानक बोरा के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जहां पहले मई के प्रथम सप्ताह में यह कार्य प्रारंभ होता था, वहीं इस वर्ष मौसम की प्रतिकूलता, आंधी, तूफान और भारी वर्षा के कारण थोड़ी देरी हुई। लेकिन अब एक बार फिर संग्राहकों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है 8 मई 2025 को बीजापुर में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य वनसंरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक आर.सी. दुग्गा तथा कार्यकारी संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित रायपुर माणिवासगन एस. द्वारा जिला बीजापुर के प्रबंधकों, फड़ अभिरक्षकों, जोनल अधिकारियों और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को तेन्दूपत्ता तोड़ाई से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।बैठक में बताया गया कि तेन्दूपत्ता संग्रहण केवल वन आधारित आजीविका का साधन नहीं है, बल्कि इससे ग्रामीण और वनवासी परिवारों को कई प्रकार की सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। राजमोहिनी देवी सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना, सामूहिक बीमा योजना, और छात्रवृत्ति योजना जैसे लाभ सीधे संग्राहक परिवारों को मिलते हैं। इससे न केवल आर्थिक सहायता प्राप्त होती है, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उनका भविष्य सुरक्षित होता है। मुख्य निर्देशों के पालन में तेजी दिखाते हुए 9 मई 2025 से समिति बरदेला के संग्राहकों ने तेन्दूपत्ता तुड़ाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है, जिससे यह स्पष्ट है कि ग्रामीण सरकारी योजनाओं और निर्देशों के प्रति सजग और जागरूक हो चुके है। जिला प्रशासन और वन विभाग की सक्रिय भूमिका के चलते इस बार भी निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के साथ ही हजारों संग्राहक परिवारों को आर्थिक मजबूती और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा। सभी संग्राहकों से अपील की गई है कि वे अधिकाधिक पत्तों का संग्रहण करें और निर्धारित फड़ों में समय पर जमा कर अपने मेहनत का समुचित लाभ प्राप्त करें। यह पहल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगी बल्कि वन आधारित विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित होगी।

## एक नजर

### नेशनल लोक अदालत में 57,569 लंबित मामलों का निराकरण

**महासमुंद 11 मई ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद की सचिव, श्रीमती आफरीन बानो द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन आज 10 मई 2025 दिन शनिवार को जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 26 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकां के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि0 की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 2 हजार 269 प्रकरणों में 06 लाख 99 हजार 971 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 10 हजार 652 प्रकरणों में 38 लाख 47 हजार 740 रूपए, श्रम प्रकरण के 12 मामलों में 05 लाख 66 हजार 500 रूपए, एमएसीटी के 07 प्रकरण में. 97 लाख 95 हजार, रूपए, एनआई एक्ट-138 के 31 प्रकरणों में 75 लाख 55 हजार 715 रूपए तथा 26 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 45 लाख 57 हजार 390 रूपए अवार्ड पारित किया गया।

### समाधान शिविर का आयोजन 12 मई को ग्राम कोडार में

महासमुंद 11 मई । जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 मई से अब तक जिले में 12 समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी समाधान शिविर 12 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोडार ग्राम पंचायत कौवाझर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 13 मई को 4 स्थानों पर शिविर आयोजित है। जिसमें पिथौरा विकासखंड अंतर्गत पिरदा हाई स्कूल भवन में, बसना अंतर्गत ग्राम बरोली पूर्व माध्यमिक शाला में, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरीपठारीमुडा में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल सिंघोड़ा में समाधान शिविर का आयोजन होगा।

# रायगढ़ में जल्द खुलेगा साइबर थाना

**रायगढ़,11 मई।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रायगढ़ जिले में जल्द ही एक साइबर थाना की स्थापना की जाएगी। राज्य शासन द्वारा साइबर फ्रॉड और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है।



वित्त मंत्री श्री चौधरी ने रायगढ़ में प्रस्तावित साइबर थाना के संचालन के लिए 10 नए पदों के सृजन को स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह साइबर थाना आधुनिक तकनीक से लैस होगा और इसमें प्रशिक्षित कर्मी नियुक्त किए जाएंगे, जो ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, फर्जीवाड़ा व अन्य साइबर अपराधों की त्वरित जांच कर सकेंगे।वर्तमान युग में तकनीकों के साथ साथ साइबर अपराध के मामलों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य सरकार नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने, आम जनता को राहत पहुंचाने और समय पर न्याय दिलाने के लिए रायगढ़ में यह थाना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।इस साइबर थाने के शुरू होने से रायगढ़ जिले के नागरिकों को न सिर्फ समय पर न्याय मिलेगा, बल्कि साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित हो सकेगी।यह साइबर थाना अत्याधुनिक संसाधनों और प्रशिक्षित स्टाफ से लैस होगा, जो ऑनलाइन अपराधों की त्वरित जांच करेगा। इस थाने की स्थापना से न केवल पीड़ितों को राहत मिलेगी बल्कि साइबर अपराधियों के खिलाफ एक सख्त संदेश भी जाएगा। रायगढ़ के स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इस फैसले का स्वागत किया है और इसे समय की जरूरत बताया है।

### रायगढ़ पुलिस नियंत्रण कक्ष में गंभीर चोट और हत्या के प्रयास मामलों पर केंद्रित कार्यशाला में विवेचकों ने जानी ठोस साक्ष्य संकलन की बारीकियाँ

**रायगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशानुस अनुसंधानकर्ताओं के लिए प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक कार्यशाला के तहत 10 मई 2025 को ÷हत्या के प्रयास÷ और ÷गंभीर चोट÷ से जुड़े मामलों में अनुसंधान पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर निरीक्षक आर्शिवाद राहटगांवकर (थाना प्रभारी तमनार) एवं उप निरीक्षक गेंद लाल साहू (थाना चक्रधरनगर) ने पिछले वर्षों के ऐसे मामलों के न्यायालयीन निर्णयों का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार प्रभावी विवेचना से आरोपियों को सजा हुई तथा कहां साक्ष्य के अभाव में आरोपी को न्यायालय से लाभ मिल गया।कार्यशाला में हत्या के प्रयास संबंधी धाराओं के तहत विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन की बारीकियों, गवाहों के प्रभावी परीक्षण एवं माननीय उच्च न्यायालयों के दृष्टांतों की व्याख्या की गई। पुलिस अधीक्षक ने साक्ष्य संकलन के दौरान ई-साक्ष्य के उपयोग पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया कि घटनास्थल की जब्ती, गवाहों के बयान एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्रवाइयों की अनिवार्यतः वीडियोग्राफी की जाए, ताकि न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य मजबूत और अविचलित रहें तथा अभियुक्तों को कठोर सजा दिलाई जा सके।



## बोलेरा डिवाइडर टकरा कर क्षतिग्रस्त



**बीजापुर, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शनिवार-रात आठ बजे के आसपास एक बोलोरो वाहन जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर से टकराकर तीन पलटी खाई इससे वाहन बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गई है घटना के संबंध मे बताया गया की बोलोरो वाहन चालक सी ए एफ का जवान है जो.नशे में चूर था। घटना की जानकारी मिलते ही यातायात पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और किसी तरह बोलोरो वाहन को मुख्य मार्ग से हटाकर आवागमन बहाल किया।वाहन चालक का नाम क्या है और बोलोरो वाहन किसकी है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ही सरकार मना रही सुशासन तिहारःमुख्यमंत्री साय



**महासमुंद 11, मई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय महासमुंद जिले के दौरे पर शुक्रवार शाम पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आप सभी को पता है कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसका तीसरा चरण 5 मई से प्रारंभ हो चुका है, जो 31 मई तक चलेगा।मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि इस दौरान वे स्वयं, उनके मंत्रीगण, सांसद, विधायक समाधान शिविरों में भाग ले रहे है और कई स्थानों पर औचक निरीक्षण भी कर रहे है। स्कूलों और अस्पतालों में भी जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को व्यापक लाभ मिलेगा। इस दौरान जिला प्रभारी एवं खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल,महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी,महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, राजिम विधायक श्री रोहित साहू,छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर,पूर्व विधायक श्री विमल चोपड़ा उपस्थित रहे।

वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि समाधान शिविर में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के बलदाकछार गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर जाना कि सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें वास्तविक रूप में मिल रहा है या नहीं।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र की स्थापना की गई है। पूरे प्रदेश में अगले छह माह में 5000 और एक वर्ष में 11,000 से अधिक पंचायतों में ये सेवा केंद्र खोले जाएंगे। इसी के अंतर्गत समाधान शिविर में पहुंचे श्री साय ने बलदाकछार अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया,जिससे ग्रामीण नागरिकों को अपनी पंचायत में ही आवश्यक सेवाएं मिल सकेंगी, जिससे समय की बचत होगी और अनावश्यक भागदौड़ से छुटकारा मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि इसके बाद गरियाबंद जिले के मड़ेली गांव में समाधान शिविर में शामिल हुए। वहां उन्होंने ग्राम पंचायत मड़ेली में एक अत्याधुनिक 132 केवी विद्युत सब-स्टेशन और उससे जुड़ी लाइन की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए 75 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे आसपास के गांवों को स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राजिम से छुरा (बेलटुकरी होते हुए) सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए 147 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है, जिससे आवागमन बेहतर होगा और क्षेत्रीय विकास, व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि उन्होंने महासमुंद जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल को स्वच्छ और सुव्यवस्थित पाया तथा जिस पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं हैं, जिन्हें जल्द ही हल कर लिया जाएगा।पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के उत्तर में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सभी जिलों का प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर समस्याओं का समाधान जिला कलेक्टर स्तर पर ही हो रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली में सुधार देखने को मिल रहा है।प्रेस वार्ता में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कमिश्नर बस्तर ने कांकेर जिले अंतर्गत नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय के कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**कांकेर 11 मई।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने शुक्रवार को कांकेर जिले के भ्रमण के दौरान नरहरपुर विकासखण्ड मुख्यालय के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर विभागीय कामकाज के बेहतर सम्पादन करने सहित जनहितकारी योजनाओं का कारगर कार्यान्वियन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों तथा कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को स्वस्फूर्त होकर सहभागिता निभाने पर बल देते हुए कहा कि स्वच्छता को अपने व्यवहार में शामिल कर अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करें। कमिश्नर ने इस दिशा में सामूहिक सहभागिता से हर महीने तीसरे शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाए जाने कहा।कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने नरहरपुर में बाल विकास परियोजना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान किराए में संचालित उक्त कार्यालय के लिए उपलब्ध अन्य शासकीय भवन चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय और खण्ड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में नवीन शौचालय निर्माण सहित रनिंग वॉटर की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने कहा। साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मेगा समर कैम्प को कार्ययोजना के अनुरूप संचालित किए जाने पर बल देते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय के निरीक्षण में नामांतरण-बंटवारा, सीमांकन प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए और स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वित पहल किए जाने कहा। कमिश्नर ने तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम को निर्वाचन के स्ट्रांग रूम की भांति व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने पर जोर देते हुए रिकार्ड रूम में रिकार्ड का समुचित संधारण के साथ ही नियमित साफ-सफाई करने, निर्धारित दवाई का छिड़काव करने सहित विद्युत आपूर्ति के कटआउट बाहर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय में आम जनता और किसानों के विश्राम करने के लिए कृषक कक्ष निर्मित किए जाने कहा। कमिश्नर ने जनपद पंचायत कार्यालय में दस्तावेजों के रखरखाव सहित साफ-सफाई की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इस दिशा में जल्द सुधार लाने की चेतावनी दी।

### कमिश्नर बस्तर ने नरहरपुर ब्लॉक के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

**कांकेर, 11 मई ।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित कर शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित करें। आधार कार्ड, एवं आयुष्मान कार्ड के लिए छूटे हुए व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें पंजीयन करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। साथ ही राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान करने के लिए प्राथमिकता से पहल करें। कमिश्नर श्री डोमन सिंह शुक्रवार को कांकेर जिले के भ्रमण के दौरान नरहरपुर ब्लॉक मुख्यालय में खण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। कमिश्नर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में लक्षित बच्चों एवं माताओं को समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित कुपोषित बच्चों के उपचार पर ध्यान केंद्रित करने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपचार हेतु भर्ती किए जाने बच्चों का रोस्टर तैयार करें और पोषण पुनर्वास केन्द्र में स्थान की सुलभता के आधार पर उन्हें लाभान्वित करें। उन्होंने महतारी वंदन योजनांतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों का समय-समय पर सत्यापन किए जाने के साथ ही सूची को अद्यतन किए ।

# छिंदगढ़ समाधान शिविर ग्रामीणों से प्राप्त हुए 273 आवेदन

- सब्जी मंडी संजय कांप्लेक्स का होगा कायाकल्प
- विभिन्न विभागों के स्टॉल का दीपिका सोरी और जनप्रतिनिधियों ने किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**सुकमा, 11 मई।** जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में आज जनपद पंचायत मुख्यालय छिंदगढ़ में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 7 ग्राम पंचायत छिंदगढ़, कांजीपानी, बकुलाघाट, रोकेल, पतिनाईकरास, उरमापाल और केरातोंग से प्राप्त सभी मांगों एवं शिकायत के आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, जिला सहकारी, वन विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। सभी विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया।

समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छिंदगढ़ श्री पीके गुप्ता ने वाचन किया। विभाग प्रमुखों ने ग्रामीणों को अपने विभाग से संबंधित शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर में सभी विभागों द्वारा कुल 273 आवेदन प्राप्त हुए। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन्न कार्यक्रम और गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविर में पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए। समाधान शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम, श्रीमती संजना नेगी, जनपद सदस्य श्रीमती नेहा जगदीश महेश्वरी, छिंदगढ़ सरपंच श्रीमती सुखमति पुजारी, प्रभारी अपर कलेक्टर श्री प्रताप विजय खेस, संयुक्त कलेक्टर डॉ. सूरज कश्यप, एसडीएम छिंदगढ़ श्री रविशंकर वर्मा, तहसीलदार श्री इरशाद अहमद व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पशु चिकित्सा विभाग के 44 कर्मचारियों की सेवाएं की गई समाप्त

**रायगढ़, 11 मई।** पशु चिकित्सा सेवा विभाग जिला रायगढ़ में वर्ष 2012 में चतुर्थ श्रेणी आकस्मिक निधि स्वच्छकर्ता/परिचारक सह चौकीदार की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की शिकायत पर गठित जांच समिति के प्रतिवेदन के परिपालन में उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, रायगढ़ ने 08 मई 2025 को आदेश जारी करते हुए पूरी भर्ती को शून्य घोषित किया और 44 कर्मचारियों की सेवायें समाप्त कर दी है।इस संबंध में जारी आदेश में उल्लेख है कि भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की शिकायत के पश्चात गठित जांच समिति को जांच और परीक्षण के बाद पूरी प्रक्रिया में कई विसंगतियां मिली। जिनमें भर्ती प्रक्रिया में महिला आरक्षण नियमों का पालन न किया जाना, विज्ञापित पदों की संख्या से अधिक संख्या में पदों पर भर्ती किया जाना, प्रावधिक (मेरिट) सूची का समुचित रूप से प्रकाशन न कर उसके संबंध में दावा आपत्ति आहूत न किया जाना, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में व्याप्त अनियमितताएं, 02 महिला अभ्यर्थियों का पृथक से नियुक्ति आदेश जारी किया जाने जैसी विसंगतियां शामिल है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2012 में पशु चिकित्सा सेवाएँ विभाग में की गई भर्ती कार्यवाही में कुछ अन्य अतिरिक्त अनियमितताएँ भी मिली जैसे-भर्ती प्रकिया में दिव्यांगों एवं भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है। भर्ती प्रकिया में अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों से संबंधित आरक्षण संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया गया है। चयन सूची का दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कर दावा-आपत्ति आमंत्रित नहीं किया गया है। प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) का निर्माण तथा संधारण करना नहीं पाया गया।

# आयुर्वेदाचार्य देशमुख ने रिटायर सैनिकों के साथ की सीएम से की मुलाकात

- छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड भारतीय सैनिकों का राष्ट्रीय पर्वों में सम्मान किए जाने की रखी मांग
- मुलाकात के दौरान गुरुदेव ने सेना के लिए मदद की मंशा भी जताई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 11 मई।** जिले के प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, नाड़ी वैद्य व समाजसेवी गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख के नेतृत्व में सेवानिवृत्ति फौजियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। चर्चा में मांग रखी कि स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के आयोजनों में रिटायर्ड फौजियों का सम्मान किया जाए। इसके लिए जिलाधीशों को निर्देशित किया जाए। मुख्यमंत्री ने इस पर आश्वासन भी दिया। मुलाकात के दौरान गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख ने देश की सेना के लिए मदद की मंशा भी जताई जिसका मुख्यमंत्री ने सराहना की।



शनिवार को अनेक रिटायर्ड फौजियों ने बालोद जिले के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य, आयुर्वेदाचार्य व समाजसेवी गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास में मुलाकात की। चर्चा के दौरान रिटायर्ड फौजियों ने मांग रखी कि जिला मुख्यालयों में आयोजित स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के प्रमुख आयोजनों में क्षेत्र के रिटायर्ड फौजियों का सम्मान किया जाए। उन्हें उचित स्थान भी प्रत्येक समारोह में दिया जाए। फौजियों की बातों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस संबंध में पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान वर्तमान में सेना की पराक्रम की चर्चा करते हुए गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख ने सेना के लिए मदद की भी अपनी इच्छा जताई जिसे सुनकर मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की और इसे अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख (भेड़ी,सुरेगांव )के साथ पूर्व सैनिकों में पूर्व सैनिक ऑनरेरी कैप्टन जगमोहन साहू, पूर्व सैनिक,नायक रवि कुमार साहू, पूर्व सैनिक, हवलदार राजेश कुमार जैन, पूर्व सैनिक, हवलदार युवराज नेताम, पूर्व सैनिक हवलदार कौशल कुलदीप, पूर्व सैनिक सूबेदार एसपी त्रिपाठी, पूर्व सैनिक हवलदार अनिल कुमार पांडे, शिवेंद्र साहू, सोनल साहू, ओम प्रकाश साहू पूर्व प्रदेश संयोजक युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर, डॉ योगेंद्र कुमार साहू पूर्व संगठन सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश संध, सुरेश कुमार तेता सरपंच ग्राम पंचायत गोल कुम्हड़ा, ललित साहू जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला दुर्ग, डॉ योगेंद्र कुमार साहू, गोपी कश्यप, रोशन देशमुख वरिष्ठ समाज सेवक आलबरस,सोनल साहु, शिवेंद्र साहू कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कृषि वाणिज्यिक शाखा भाटापारा में लगाया गया एसएचजी व किसान मेला




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 मई।** भारतीय स्टेट बैंक, कृषि वाणिज्यिक शाखा, भाटापारा किसानों और SHG के उत्थान में वर्षों से सतत प्रयासरत है और राष्ट्र विकास में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रतिबद्ध है इसी तारतम्य में दिनाँक 9 मई को शाखा परिसर भाटापारा में किसान मेला तथा स्वयं सहायता समूह (SHG) वित्त पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 11 नए किसानों और 5 SHG को वित्त पोषित किया गया.

साथ ही बैंकिंग के अन्य क्षेत्रों में यथा दाल मिल, गृह ऋण, कार लोन तथा SME लोन के ग्राहकों को भी ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए. कार्यक्रम, SBI बिलासपुर अंचल के सर्वोच्च अधिकारी उप महाप्रबंधक आलोक रंजन एवं बलौदाबाजार क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र मित्तल की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ.

DGM आलोक रंजन ने चर्चा के मध्य जानकारी दी कि SBI द्वारा सभी ग्राहकों के लिए प्रतिदिन नए मानदण्ड स्थापित किए जा रहे हैं. ग्राहकों के लिए बैंक ने दो नए सरल टोल फ्री नंबर 1800-1234 तथा 1800-2100 जारी किए गए हैं जिसमें 45 प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं.

कृषि शाखा भाटापारा परिसर में ग्राहकों की सुविधा हेतु नगद पैसे जमा एवं निकासी मशीन (रिसाइक्लर) भी माह जनवरी 2025 से स्थापित किया जा चुका है. श्री मित्तल ने उपस्थिति ग्राहकों को साइबर सावधानियों और सुरक्षा के उपायों से अवगत कराया. शाखा प्रबंधक अनुपम कुमार सिंह ने सभी उपस्थित ग्राहकों के प्रति आभार ज्ञापित किया.

### सुशासन तिहार से प्रदेश में आई प्रशासनिक कसावट : वर्मा

**राजनांदगांव, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले सहित प्रदेश में चल रहे तीसरे चरण के सुशासन तिहार से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार की सब तरफवह वही हो रही है यह बात कहते हुए वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार से प्रशासनिक कसावट आ चुकी है। वही जिले सहित प्रदेश की जनता का काम शीघ्रता और आसानी से हो रहे हैं। पिछले 5 साल में कांग्रेस की सत्ता रहने के दौरान जनता के कामकाज में विलंब होता था। जनता को अपने कामकाज के लिए दफ्तरों के चक्कर पर चक्कर लगाने पड़ते थे। आज जाना कल आना करके उन्हे लौटा दिया जाता था। रिश्वतखोरी जमकर हो रही थी जनता को समय और धन बहुत गवाना पढ़ता था विष्णु देव साय के सुशासन में बहुत से कम अपने मोहल्ले अपने गांव के शिविर में तथा घर बैठे होते देख रहे हैं इससे मोदी की गारंटी भी सच हो रही है और विष्णु देव साय के सुशासन का भी सपना पूरा हो रहा है जनता संतुष्टि और सुख अनुभव कर रही है और साथ ही साथ संतुष्टि और सुख अनुभव कर रही है और साथ ही साथ समय और धन की बचत हो रही है।



## एक नजर

### राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के तहसील अध्यक्ष मोहन साहू नियुक्त



**तिल्दा-नेवरा, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नरेन्द्र मोदी विचार मंच की कोर कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से मोहन साहू को नरेन्द्र मोदी विचार मंच के शाखा ट्ठ राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम का तिल्दा ट्ठ नेवरा के तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।मोहन साहू की न्युक्ति पर वरिष्ठ नागरिको ने कहा की हमे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है। कि आप तन मन धन और जीवन में हम सबके प्रिय भारत माता के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यो और विचारों को पूरी निष्ठा से अपने कार्य क्षेत्र में प्रचारित प्रसारित करेंगे आपके द्वारा किया गया कार्य निश्चित रूप से हम सब का स्वप्न परम् वैभव भारत को सकार करेगा संगठन में आपका स्वागत है। और हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष दास जी साहू द्वारा आदेश जारी किया गया है।

### पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कक्षा पहली के लिए लॉटरी निकाली



**सिमगा, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिमगा में शासन के उत्कृष्ट योजना के तहत कक्षा पहली के लिए आवेदन मनाया गया था जिसे स्कूटनी कर दावा आपत्ती लिया गया तथा पात्र सूची को चश्पा किया गया। आज दिनांक को विद्यालय परिसर में लॉटरी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य श्री आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि 50त्न कन्याओं के लिए आरक्षित है तथा 25त्न बीपीएल कन्या एवं बालक के लिए आरक्षित है 23त्न ओपन कन्या एवं बालकों के लिए आरक्षित है तथा 2त्न मातृ दुलार योजना के तहत होता है। लॉटरी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी.एस ठाकुर जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा संस्था के शिक्षक अभिरूप पांडे तापस राय विकास शर्मा निलम केसरवानी योगेश निषाद, तारेन्द्र टंडन, अमृतांश सोनी, दीपिका साहू,मनीष चौहान, रामबाबू यादव, कौशल पटेल,अनिल कुमार साहू, जागेश्वर सेन, हितेश साहू, रूबी तिवारी, शालिनी शुक्ला, एकासना साहू, अनुरिका सिंह सौम्या शर्मा आदि शिक्षक गण उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य ने बताया की हमारे विद्यालय से दसवीं कक्षा के मेरिट सूची में लिव्यांश देवांगन ने 99त्नएवं कंचन बाला गेंन्द्रे ने 98.33त्न लेकर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया है यह हमारे विद्यालय और सिमगा शहर के लिए गौरव की बात है। हमारे विद्यालय का पांचवी आठवीं दसवीं बारहवीं का परिणाम 100त्न रहा। अंत में प्राचार्य ने सभी पालकों अतिथियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिला प्रशासन ने रुकवाया बाल विवाह

## महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने परिजनों की समझाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 मई।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा को बाल विवाह मुक्त जिला बनाए जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 आपातकालीन टोल फ्री नंबर लोगों के द्वारा संकटमय परिस्थितियों के बालको के संबंध में जानकारी प्रदान की ज रही है।इसी कड़ी में शनिवार को चाईल्ड हेल्पलाईन पर मिली सूचना के आधार पर बाल विवाह को रोका गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा विकाखण्ड अंतर्गत विवाह की आयु पूर्ण नही किए बालक का शादी किए जाने एवं शनिवार को बारात निकलने की जानकारी मिली। जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेन्द्र जाटवर के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को दृष्टिगत करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना भाटापारा को त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिसके अनुक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई, एकीकृत बाल विकास परियोजना भाटापारा तथा निपनिया पुलिस चैकी की संयुक्त टीम ग्राम सिंगारपुर पहुची। परिजनों से बालक की आयु संबंधित दस्तावेज की मांग की गई। परिवार में एक साथ दो विवाह होने के कारण दोनो बालकों (भाई-बहन) की आयु संबंधित दस्तावेज का परीक्षण किया गया जिसमें बालक की आयु 20 वर्ष मिली तथा बालिका की आयु 18 वर्ष पायी गई।

बालिका से विवाह हेतु ग्राम बहेरा जिला बेमेतरा से आ रहे बालक की आयु संबंधित पूछताछ करने पर वाट्सएप पर दस्तावेज प्रेषित किये गए। जिसमें बेमेतरा निवासी वर की आयु 20 वर्ष 6 माह निर्धारित हुई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में परिजनों को जानकारी दी गई कि 21 वर्ष से कम आयु के लड़के एवं 18 से कम आयु की लड़की का विवाह करने से दो वर्ष की सजा एवं एक लाख रूपये जुर्माने का प्रावधान है। विवाह अनुष्ठान में सम्मिलित प्रत्येक पुरूष (परिवार के सदस्य, टेंट, साउंट की व्यवस्था करने वाले, बारात में सम्मिलित होने वाले) समान रूप से दंड के भागीदार होंगे। कम आयु में विवाह होने से बालकों पर पड़ने वाले सामाजिक, आर्थिक दुष्परिणामों के बारे मे उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया गया एवं अपील की गई संकटग्रस्त बालकों के संबंध में 24म7 कार्यरत् आपातकालीन हेल्पलाईन नंबर पर सूचना प्रदान करे ताकि बालकों की मदद की जा सकें।

कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रकाश दास, अर्चना वैष्णव, विवेकानंद वैष्णव, एकीकृत बाल विकास परियोजना भाटापारा से पर्यवेक्षक ललिता मिश्रा, प्रमिला वर्मा, सुश्री वंदना बड़ा, सुश्री तारिणी साहू तथा निपनिया चैकी की पुलिस टीम सम्मिलित हुए।

# रेडक्रास पदाधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट कर बताया क्या काम कर रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 11 मई।** 9 मई को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा रायपुर के नवनियुक्त पदाधिकारी राजू शर्मा चेयरमैन, डॉ प्रीति नारायण वॉइस चेयरमैन, पल्लवी पांडे कोषाध्यक्ष के द्वारा राज्यपाल से सौजन्य भेंट किया गया पदाधिकारी द्वारा जिला रेडक्रॉस की गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई एवं विशेष रेडक्रॉस दिवस 8मई के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में किए गए रक्तदान शिविर से अवगत कराया गया जिस पर राज्यपाल रमेन डेका ने सुझाव दिया कि रेडक्रॉस सोसाइटी सिर्फरक्तदान तक सीमित नहीं रहे साथ ही समाज के उत्थान उद्देश्य एवं मानव सेवा भावना के साथ कार्य करें जिला रेडक्रॉस के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं जन जागरूकता हेतु रेडक्रॉस द्वारा कार्य किया जा सकता है साथ ही वर्तमान परिवेशन में बढ़ते हुए तनाव के कारण लोगों को कई तरह की मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अतः तनाव प्रबंधन एवं विभिन्न प्रकार के नशें लोगों को दूर करने के लिए जन जागरूकता रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किया जा सकता है जिस पर राज्यपाल महोदय सहमत होते हुए अच्छे कार्य करने की करने हेतु शुभकामनाएं दी।



### स्कूटी से 46 पौवा शराब का अवैध परिवहन करते कोचिया गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में लगातार चलाये जा रहे अवैध शराब बिक्री, शराब परिवहन की रोकथाम के विरूद्ध अभियान के तहत जरिये मुखबीर सूचना मिला कि एक व्यक्ति रेवाडीह शरब भट्टी से अधिक मात्रा में शराब बिक्री करने की नियत से शराब इकट्ठा कर रहा है की सूचना पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में हमराह पेट्रोलिंग एवं स्टाफसमक्ष गवाहो के तस्दीक हेतु रवाना हुए जो गोंडवाना भवन रेवाडीह के पास होण्डा एक्टीवा क्रमांक सीजी 08 जे 7638 को रोककर चेक किया गया जो आरोपी का नाम पूछने पर अपना नाम माजीद खान पिता बल्लू खान उम्र 21 वर्ष निवासी रामपुर थाना लालबाग जिला राजनांदगांव का रहने वाला बताया आरोपी के कब्जे से 25 पौवा देशी प्लेन एवं 21 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 4100 रू एवं स्कुटी होण्डा एक्टीवा क्रमांक सीजी 08 जे 7638 कीमती 12000 रू को रूपये को जप्त किया जाकर आरोपी का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनो को दिया जाकर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 216/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर वैधानिक कार्यवाही पश्चात् ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

palikakharsia@gmail.com Tel Phone No.07762-272277

क्रमांक/379/न.पा.प./रा./2025-26 खरसिया, दिनांक 08/05/2025

### //दुकान खुली नीलामी सूचना//

नगरपालिका परिषद खरसिया अधिनस्त डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यवसायिक काम्प्लेक्स की कुल दुकान 37 एवं 03 हॉल, को कब्जे के हक के तहत देने हेतु खुली नीलामी का आयोजन **दिनांक 29/05/2025 समय प्रातः 11 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद खरसिया** में आयोजित किया गया है।

अतः खुली नीलामी में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठावें। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 28/05/2025 तक अमानत राशि नगद/डी.डी. जमा करना सुनिश्चित करेंगे। दुकान नीलामी से संबंधित अन्य समस्त जानकारी एवं नियम शर्तें नगरपालिका परिषद खरसिया कार्यालय के सूचना पटल अथवा राजस्व विभाग में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है।

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर व्यवसायिक काम्पलेक्स**
**भूतल पर निर्मित दुकान की संख्या**

| क्र. | दुकान क्र. | लंबाई (मी.) | चौड़ाई (मी.) | दुकान का क्षेत्रफल (वर्ग मी.) | दुकान की सरकारी बोली | दुकान का अमानत राशि | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GB1 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 967113 | 97000.00 | अनु.ज. जाति |
| 3 | GC3 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 805928 | 81000.00 | अनु. जाति |
| 4 | GC5 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 805928 | 81000.00 | अनु. जाति |
| **प्रथम-तल पर निर्मित दुकानों की संख्या** | | | | | | | |
| 1 | FA1 | 7 00 | 3 80 | 20.60 | 1236900.00 | 124000.00 | सामान्य म. |
| 2 | FA2 | 7 00 | 3,80 | 26.60 | 1236900.00 | 124000.00 | सामान्य म. |
| 3 | FA3 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनु. जाति |
| 4 | FA4 | 4.50 | 3.50 | 15 75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 5 | FA7 | 4 50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 6 | FA8 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 7 | FA15 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनु. जाति |
| 8 | FB1 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 9 | FB2 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | शि.बेरोजगार |
| 10 | FB3 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 11 | FB4 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | सामान्य म. |
| 12 | FB5 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | शि.बेरोजगार |
| 13 | FB6 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 14 | FB7 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अनारक्षित |
| 15 | FB8 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 16 | FB9 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | सामान्य म. |
| 17 | FB10 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 18 | FB11 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | सामान्य म. |
| 19 | FB12 | 4.50 | 3.50 | 15.75 | 732375.00 | 74000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 20 | FC1 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | अनु.ज. जाति |
| 21 | FC2 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 22 | FC3 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | शि.बेरोजगार |
| 23 | FC4 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | अनु. जाति |
| 24 | FC5 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | अनारक्षित |
| 25 | FC6 | 3.80 | 3.50 | 13.30 | 618450.00 | 62000.00 | सामान्य म. |
| **द्वितीय तल पर निर्मित दुकानों/हॉलों की संख्या** | | | | | | | |
| 1 | SA1 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | शि.बेरोजगार |
| 2 | SA2 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 3 | SA3 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 4 | SB1 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | अनु. जाति |
| 5 | SB2 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | विधवा/परित्यकता |
| 6 | SB3 | 4.60 | 3.50 | 16.10 | 491485.00 | 50000.00 | अनु. जाति |
| 7 | SC1 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 400667.00 | 41000.00 | अनारक्षित |
| 8 | SC2 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 400667.00 | 41000.00 | अ.पि.वर्ग |
| 9 | SC3 | 3.75 | 3.50 | 13.13 | 400667.00 | 41000.00 | तृतीय लिंग |
| 10 | HALL1 | 19.45 | 8.50 | 165.33 | 5046876.00 | 505000.00 | अनारक्षित |
| 11 | HALL2 | 15.00 | 9.30 | 139.50 | 4258517.00 | 426000.00 | अनारक्षित |
| 12 | HALL3 | 9.35 | 7.35 | 68.72 | 2097892.00 | 210000.00 | अनारक्षित |

नोटः- दुकान की वार्षिक किराया ऑफसेट मूल्य का 2 प्रतिशत होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खरसिया**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**


### स्पीकर ने किया कोसल के क्रांतिवीर का विमोचन

# शिवाजी की तुलना औरंगजेब से नहीं हो सकती:रमन सिंह

**रायपुर, 11 मई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 10 मई को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा के क्रांतिकारियों के योगदान पर केंद्रित पुस्तक 'कोसल के क्रांतिवीर' का विमोचन किया। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ इतिहासकार और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीशंकर निगम ने की, महासमुंद की लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित थे।



मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने अपने सम्बोधन में पुस्तक प्रकाशन के लिए इसके लेखक महासमुन्द क्षेत्र के पूर्व लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि आजादी के बहुत पहले छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा को 'कोसल प्रदेश' के नाम से भी जाना जाता था। डॉ. सिंह ने पुस्तक कोसल के क्रांतिवीर को इतिहास की दृष्टि से बहुत तथ्यात्मक और महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। डॉ. सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम के कठिन दौर में छत्तीसगढ़ में ईस्ट इंडिया कम्पनी की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफसमय-समय पर हुए जन-संघर्षो का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 1857 से पहले ही छत्तीसगढ़ में क्रांति की चिंगारी सुलग उठी थी, जब 1792 में सरगुजा के अजीत सिंह ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के खिलाफविद्रोह किया था। उन्होंने वर्ष 1818 में सोनाखान के जमींदार वीर नारायण सिंह के पिता राम राय, 1825 में परलकोट (पखांजूर) के जमींदार गैंद सिंह और वर्ष 1857 में वीर नारायण सिंह के संघर्ष और बलिदान को तथा वर्ष 1910 में बस्तर के गुण्डाधुर जैसे महान क्रांतिकारियों के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि इतिहास की किताबों में अनेक ऐतिहासिक तथ्यों को या तो छोड़ दिया गया है या इतिहास को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है। यही कारण है कि इतिहास की पुस्तकों में आज भी अकबर महान है। वास्तविकता तो यह है कि महाराणा प्रताप की तुलना न अकबर से हो सकती है और न ही छत्रपति शिवाजी की तुलना औरंगजेब से हो सकती है।

डॉ. सिंह ने कहा कि एक अच्छे सांसद और अच्छे विधायक रहे साहू अब एक अच्छे लेखक भी साबित हुए हैं। उन्होंने इस पुस्तक को तैयार करने के लिए काफी रिसर्च किया है, बड़ी मेहनत की है और लेखक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। पुस्तक में वर्ष 1857 के संग्राम के दौरान सोनाखान (छत्तीसगढ़) के वीर नारायण सिंह और पश्चिम ओड़िशा के बरगढ़ जिले में स्थित घेस जमींदारी के माधो सिंह बरिहा और सम्बलपुर के वीर सुरेन्द्र साय के बलिदान के साथ-साथ इन क्रांतिकारियों के अनेक परिवारजनों द्वारा भी अपने प्राणों की आहुति दिए जाने का भी उल्लेख है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए इतिहासकार डॉ. लक्ष्मी शंकर निगम ने इस पुस्तक के संदर्भ में अनेक ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज दस मई का दिन ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1857 में इसी दिन मेरठ से भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम शुरु हुआ था। उन्होंने 1857 के युग में छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा की जमीदारियों के बीच की कड़ियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वीर सुरेंद्र साय और वीर नारायण सिंह के बीच सैन्य सहयोग था और नारायण सिंह के पुत्र गोविंद सिंह ने सुरेंद्र साय के सहयोग से ही महाराज साय का वध कर नारायण सिंह के बलिदान का बदला लिया था। अपने संबोधन में उन्होंने सीमावर्ती जमीदारियों के योगदान की भी चर्चा की।

लेखक चुन्नीलाल साहू ने स्वागत भाषण दिया। साहू ने भी कहा कि इस पुस्तक के विमोचन के लिए आज दस मई का दिन इसलिए चुना गया कि यही वह ऐतिहासिक तारीख है, जब 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की मेरठ से शुरुआत हुई थी और गोविंद सिंह ने महाराज साय का वध भी 10 मई को ही किया था। साहू ने स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा से संबंधित अनेक भूले-बिसरे प्रसंगों को याद किया। महासमुन्द की सांसद रूप कुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। चौधरी ने कहा कि यह पुस्तक एक महत्वपूर्ण धरोहर है। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने घेस (ओड़िशा) के शहीद माधो सिंह की छठवीं पीढ़ी के लोकेश्वर सिंह का स्वागत किया। घेस से आए अशोक पुजाहारी ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

#### युद्ध विराम की जानकारी

अपने संबोधन के दौरान डॉ. रमन सिंह ने सूचित किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच विगत तीन दिनों से जारी संघर्ष में युद्ध विराम की घोषणा हो गयी है। भारत ने अपना काम पूरा कर लिया है। डॉ. सिंह ने इसके लिए भारतीय सेना को बधाई दी। सभी लोगों ने उनकी इस जानकारी पर भारत माता की जय के नारे लगाकर करतल ध्वनि से हर्ष प्रकट किया।


## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 को आएंगे छग



**रायपुर, 11 मई।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 मई को छत्तीसगढ़ के सरगुजा दौरे पर रहेंगे. वे अंबिकापुर में एक बड़ी आमसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें वे प्रदेश को साढ़े तीन लाख पीएम आवास की सौगात देंगे. साथ ही सरगुजा संभाग को कई अन्य योजनाओं की सौगात मिलने की भी संभावना है. इस सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राज्य के कई मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद रहेंगे.

### जवानों के स्वास्थ्य के लिए नवकार महामंत्र का जाप



**रायपुर, 11 मई।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में देश में राष्ट्र में समाज में शान्ति हो, सैनिक अपने शौर्य पराक्रम वीरता से देश की रक्षा करें, सैनिकों के सुरक्षित स्वास्थ्य हेतु नवकार महामंत्र का जाप किया गया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि देश है तो धर्म है, हम सभी के लिए राष्ट्र प्रथम है। देश की सुरक्षा में लगे सभी सैनिकों के सुरक्षित स्वास्थ्य के लिए चमत्कारी दादाबाड़ी में नवकार महामंत्र का जाप किया गया।

### 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे भाजपा सरकार : दीपक बैज



**रायपुर, 11 मई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार 18 लाख आवास स्वीकृत होने का झूठा दावा करती है, जबकि सच्चाई यह है कि साय सरकार गरीबो को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है, जो भी आवास बने है और जो बन रहे है वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। साय सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवास हीनों के नाम सार्वजनिक किया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के नाम पर भाजपा सरकार भ्रम फैला रही है। विधानसभा चुनाव में वादा किये थे 18 लाख आवासहीनों को आवास देंगे, अब दावा कर रहे है 8 लाख आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली गयी है जबकि हकीकत यह है कि सरकार के पास अभी तक पात्र हितग्राहियों की न सूची है और न संख्या, जिन लोगों के खाते में पहली किस्त डालने का दावा कर रहे है उन सभी के खाते में पहली किश्त तो कांग्रेस की सरकार ने अक्टूबर में ही जारी कर दिया है। भाजपा सरकार में साहस है तो जिन लोगों के खाते में पैसा डालने का दावा कर रहे है उनकी सूची सार्वजनिक किया जाये।

### निधन

#### शकुन अवस्थी



**रायपुर, 11 मई।** गुढ़ियारी निवासी शकुन अवस्थी का आज निधन हो गया है। वे माधव अवस्थी की धर्मपत्नी एवं कांग्रेस नेता संजय अवस्थी की माता थी। अंतिम यात्रा 12 मई को सुबह 8 बजे गुढ़ियारी स्थित उनके निवास स्थान से निकलकर कोटा श्मशान घाट जाएगी।

# मुझको यह ख्याल था कि उसने बचा लिया और उसको था ये मलाल कि ये कैसे बच गया



पहलगाम में 26 बेकसूर सैलानियों को आतंकियों द्वारा मारे जाने के बाद एक बार फिर जंग का खतरा भारत-पाक के बीच मंडराने लगा है। तनाव इस कदर चरम पर पहुंच चुका है कि युद्ध की आहट सुनाई पड़ने लगी है, अगर दोनों देशों को बीच लड़ाई होती है, जंग का कोई पहला मौका भारत- पाक के लिए नहीं होगा, इससे पहले 4 लड़ाईयाँ पाकिस्तान के साथ हो चुकी है, जिसमे पाक बुरी तरह से शिकस्त खाया है, कश्मीर को लेकर ही पाक के तेवर समय-समय पर दिखलाई पड़ते हैं, आज भी इसे लेकर उसका झगड़ा कायम है, कश्मीर को लेकर ही तरह-तरह की कूटनीति पाक करता आया है, 4 जंग लड़ी, लेकिन हासिल नहीं कर सका, बल्कि भद्द तो पिटी ही और बर्बादी के कगार पर ही पहुंच गया। अब आतंकियों को समर्थन कर कश्मीर में अराजता फैलना चाहता है, हासिल करने का ख्वाब देखता है, लेकिन, उसके मूंसबे, इरादे भारत के मजबूत संकल्प के सामने धवस्त हो जाते हैं।भारत-पाक के बीच कितनी बार जंग हुई और कितने दिनों तक युद्ध चला।

### 1947 का युद्ध...

भारत और पाक दोनों 1947 में आजाद हुए थे, लेकिन अंदर ही अंदर एक कड़वाहट तो थी ही, कुछ दिन बाद ही कश्मीर को लेकर दोनों देशों के बीच लड़ाई के बादल मंडराने लगे थे। स्वतंत्र होने के बाद 1947 में ही कश्मीर में दंगे फैले थे, विद्रोह का दायरा बढ़ने पर पाक ने कश्मीर में कबायली सेनाओं को भेजा था, लड़ाई शुरु हुई थी, फिर यूएन के माध्यम से जंग को खत्म करवाया गया, भारत ने कश्मीर के दो तिहाई हिस्से पर नियंत्रण बनाए रखा, जबकि पाक ने गिल गित, बलूचिस्तान और पाक अधिकृत पर कब्जा किया 1947 में शुरु हुई ये लड़ाई एक साल तक चली और 1 जनवरी 1949 को खत्म हुई थी।

### 1965 का युद्ध...


1965 में लड़ी जंग भारत के लिए काफी ऐतिहासिक था क्योंकि सेना ने लाहौर तक कब्जा जमा लिया और पाक को करारी पराजय का सामना करना पड़ा, अगर जंग नहीं रुकती तो तस्वीर कुछ अलग ही होती...आज लाहौर भारत के कब्जे में होता, 5 अगस्त 1965 को शुरु हुआ युद्ध 23 सितंबर को 1965 में युद्ध विराम के साथ समाप्त हो गया, दर असल, लाहौर तक कब्जा जमाने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने हस्तक्षेप किया, ताशकंद समझोते के तहत भारतीय सेना को पीछे हटना पड़ा... इस युद्ध में पाक का सारा उतावलापन और अकड़ निकल गई थीज भारतीय फौज लाहौर तक पहुंचने के बाद पाक बैकफुट पर आ गया। इसके बाद युद्ध विराम की घोषणा की गई, भारत को पाक की जमीन भी लौटानी पड़ी, अगर युद्ध विराम नहीं होता, ताशकंद समझौता की बात भारत ने नहीं मानी होती, तो आज लाहौर भारत के हिस्से में होता!

### 1971 का युद्ध...

इस जंग को बांग्लादेश मुक्ति युद्ध भी कहा जाता है, 3 दिसबंर से 16 दिसंबर 1971 तक चली इस जंग में भारत ने पाक को करारी शिकस्त दी थी, इसी के बाद बांग्लादेश का गठन, पाक तोड़कर किया गया था।1971 का साल भारत के साथ- साथ बांग्लादेश के लिए भी अहम था।बांग्ला देश अपने वजूद की लड़ाई लड़ी और पाक से अलग अलग राष्ट्र बनाने के लिए ताकत झोंक दी, जिसमे भारत ने उसका पूरा-पूरा साथ दिया।1947 में देश जब आजाद हआ था तो बंगाल का पूर्वी-पश्चिमी बंगाल में विभाजन हुआ था।पश्चिम बंगाल भारत के पास ही रहा, जबकि पूर्वी बंगाल का नाम पूर्वी पाक हो गया, जो पश्चिम पाक के अधीन था, यहां एक बड़ी संख्या में बांग्ला बोलने वाले थे।भाषाई आधार पर ही पूर्वी बंगाल ने पाक के प्रभुत्व से निकलने की कोशिश की, आजादी की लड़ाई छेड़ दी, हालांकि, इसके लिए बांग्लादेश को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी, आजादी के संघर्ष में पाक सेना ने बर्बरता की सारे हदें पार कर दी थी, बांग्लादेश के लिए 1971 के हालात बेहद खराब और रोंगटे खड़े कर देने वाले थे, शेख मुजीबुर्रहमान की अगुवाई में लड़ रहे बांग्ला देश को भारत ने साथ दिया भारतीय सेना ने पाक को बेदम कर दिया और उसके छक्के छुड़ा दिए थे। 95 हजार पाक सैनिकों नेआत्म समर्पण कर दिया था।


### 1999 का युद्ध...

1999 में करगिल की जंग हुई थी, पाक ने धोखे से कर गिल की पहाड़ियों पर कब्जे की कोशिश की थी, भारतीय सेना ऑपरेशन विजय के जरिए इन चोटियों को दुबारा हासिल किया।इसके लिए जवानों ने शहादत भी दी और अदभ्य साहस का परिचय दिया, इस युद्ध में भारतीय फौज के पराक्रम के सामने दुश्मनों के दांत खट्टे हो गये थे।यह जंग 3 मई से जुलाई 1999 तक 84 दिन तक चली, कर गिल वार की सबसे बड़ी चुनौती भारतीय सैनिकों के सामने ये थे कि दुश्मन पहाड़ी की ऊंची चोटियों पर कब्जा जमकर बैठा था, जबकि भारतीय सेना नीचे थी, ऐसी हालत में दुश्मनों से निपटने के लिए भारतीय सेना के लिए बोफोर्स तोपें काफी मददगार साबित हुई। खासियत ये थी कि ऊंचाई वाले इलाके में भी टारगेट पर गोले दाग सकती थी, बोफोर्स का फायदा उठाने के साथ ही इंडियन एयर फोर्स ने ऑपरेशन विजय शुरु किया, दुश्मनों को खदेड़ दिया, 26 जुलाई को भारत ने इस क्षेत्र में नियंत्रण पाने के साथ ही युद्द समाप्त हो गया। इस दिन को अब करगिल विजय दिवस के तौर पर मनाया जाता है।




### रेल नेटवर्क से जुड़ेगा आदिवासी अंचल बस्तर...

भारत के रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (140 किमी) परि योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना पर 3513.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिसका वहन केन्द्रीय बजट से किया जाएगा। यह निर्णय बस्तर के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है, जिन्होंने बस्तर के दूरस्थ और जनजातीय जिलों को रेल नेटवर्क से जोडने् के बहु प्रतीक्षित सपने को साकार करने की दिशा में कदम उठाया है।रावघाट- जगदलपुर रेललाइन से न केवल कोंडागांव और नारायणपुर जैसे पिछड़े जिलों को रेल मानचित्र पर स्थान मिलेगा बल्कि इससे आदिवासी अंचलों में यात्रा, पर्यटन, व्यापार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। यह रेल मार्ग बस्तर की सुंदरवादियों, ऐतिहासिक स्थलों, जनजातीय संस्कृति तक पर्यटकों की सीधी पहुँच को संभव बनाएगा, जिससे स्थानीय रोजगार, पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।प्रस्तावित रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्णता की ओर है।




### रेलवे पुलिस को बड़ी सफलता मिली...

रायपुर रेल पुलिस ने एक बड़ी चोरी का खुलासा किया है, रेल एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने इस पूरे मामले का खुलासा किया है। जिसमें ट्रेन में सफर कर रही महिला से लाखों की ज्वैलरी और नकदी चुरा ली गई थी। ये चोरी इतनी सुनियोजित थी कि आरोपी नाम बदल एसी कोच में सफर करते थे और रास्ते में ही वारदात को अंजाम देते थे। घटना इसी 3 अप्रैल की है गोंदिया से रायपुर तक सफर कर रही हिना पटेल नामक महिला के साथ ट्रेन में एक बड़ी वारदात हो गई। ट्रेन में ही महिला के 65 लाख की ज्वेलरी, करीब 45 -50 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली गई। महिला ने जैसे ही रायपुर पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई, वैसे ही रेल पुलिस हरकत में आई। रेल एसपी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और उनकी टीम ने मामले की जांच शुरू की, आखिरकार इस सनसनी खेज वारदात का खुलासा कर दिया। पकड़े आरोपी हैं अब्दुल मन्नान और संतोष साव। दोनों ने नाम बदल कर इस वारदात को अंजाम दिया। मन्नान, सुरेश कुमार के नाम से और संतोष, मोहम्मद सलीम के नाम से सफर कर रहा था। दोनों एसी बोगियों में रिजर्वेशन लेकर ही चोरी को अंजाम देते थे।÷चौकाने वाली बात यह है कि चुराई गई 65 लाख की ज्वेलरी को 11 लाख रुपये में कोलकाता में बेच दिया गया। आरोपी न सिर्फ शातिर थे, एक गिरोह की तरह संगठित भी थे। जांच में यह भी सामने आया कि मन्नान के पास आधार कार्ड था, जिससे अपना नाम बदलकर सुरेश कुमार बन गया था, वहीं संतोष ने खुद को मोहम्मद सलीम बताया। दोनों आरोपी राउरकेला के रहने वाले हैं। रेल पुलिस ने तकनीकी और मानव संसाधन की मदद से इन दोनों को ट्रैक किया और आखिरकार पकड़ लिया। इस कामयाबी को रेलवे पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।



### और अब बस...

- » छग के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी, गौरेला- पेंड्रा- मरवाही जिले के दौरे के दौरान औचक निरीक्षण किया कि शराब दुकान में सभी वैरायटी है या नहीं!
- » इंद्रावती टाइगर रिजर्व में पहली बार भारतीय गिद्ध और सफेद पीठ वाले गिद्ध की सैटेलाइट टैगिंग और रिंगिंग किया गया।
- » उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने साफ किया है कि छग में संकल्प नाम का कोई भी माओवाद उन्मूलन आपरेशन नहीं चलाया जा रहा है।

# भारत माला परियोजना घोटाला : आठ आरोपी ईओडब्ल्यू की पकड़ से बाहर

**रायपुर, 11 मई।** भारत माला परियोजना घोटाला के 8 आरोपी अब भी ईओडब्ल्यू की पकड़ से बाहर है। बताया जाता है कि ये आरोपी फरार हैं। इनमें अभनपुर तहसील क्षेत्र के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, राजस्व निरीक्षक रोशनलाल वर्मा, पटवारी दिनेश पटेल के अलावा गोबरानवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण, पटवारी नायकबांधा जीतेंद्र लहरे, पटवारी बसंती घृतलहरे, लेखराम पटेल शामिल हैं।

इस घोटाले में ईओडब्ल्यू ने अब तक हरमीत सलूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी और विजय जैन को गिरफ्तार किया है. इन चारों को रिमांड पर लेकर ईओडब्ल्यू पूछताछ कर चुकी है. लेकिन ईओडब्ल्यू अब तक घोटाला की जड़ तक पहुंच नहीं पाया है. घोटाला की शुरुआत कैसे और कहां से हुई, यह सबसे बड़ा सवाल है, जिसका खुलासा तभी हो पाएगा, जब सभी फरार निलंबित अधिकारी-कर्मचारी ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में आएंगे.

इस प्रोजेक्ट का नक्शा एनएचएआई द्वारा तैयार किया गया था. इस नक्शा के आधार पर प्रभावित किसानों की जमीनों का अधिग्रहण कर उन्हें मुआवजा बांटा गया है. इस तरह अधिसूचना जारी होने से पहले अगर प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ है, तो यह संभावना जताना भी गलत नहीं होगा कि नक्शा एनएचएआई से लीक हुआ है. सवाल यह है कि नक्शा लीक हुआ है या फिर कराया गया. अगर कराया गया है, तो इस घोटाले में एनएचएआई के कुछ अफसरों के भी शामिल होने की भी संभावना है. जानकार बताते हैं कि भारत माला परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद बैक डेट पर प्रभावित किसानों की जमीनों को छोटे-छोटे टुकड़े में बांटकर उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर चढ़ा दिया गया, जिससे जमीन अधिग्रहण के रूप में कई गुना ज्यादा मुआवजा राशि का वितरण किया जा सके. जांच रिपोर्ट में बैक डेट पर किसानों की जमीन को टुकड़ों में बांटने का उल्लेख किया गया है, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि अधिसूचना जारी होने के पहले ही जमीनों का बटांकन कर दिया गया हो. अगर ऐसा हुआ है तो इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि अधिसूचना जारी होने से पहले ही प्रोजेक्ट का नक्शा लीक हुआ होगा, जिसका फायदा निलंबित हुए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ भू-माफिया ने उठाया.



भारत माला प्रोजेक्ट घोटाला में अब तक यह बातें सामने आई है कि प्रभावित किसानों की जमीनों को टुकड़ों में बांटकर उन्हें कई गुना अधिक मुआवजा दिलाया गया है. मुआवजा की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंची भी है, लेकिन उसके बाद से सभी के खातों के ऊपर के मिले लाखों-करोड़ों रुपए निकाल लिए गए हैं. ये रुपए किसने निकाले, कैसे निकाले, इसकी भी जांच की जा रही है. भारतमाला परियोजन में भूअर्जन के नाम पर 48 करोड़ रुपए घोटाला किए जाने के आरोप में ईओडब्ल्यू एसीबी की टीम ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ में घोटाले से जुड़े 14 और संदिग्धों के नाम मिले हैं. इनमें जमीन दलाल से लेकर राजस्व विभाग के कर्मचारी और अफसर शामिल हैं. ईओडब्लू, एसीबी इन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब कर सकती है. इन संदिग्धों में ज्यादातर जगदलपुर, गरियाबंद तथा धमतरी जिले के रहवासी हैं. भारतमाला परियोजना के लिए भू-अर्जन के नाम पर घोटाले की रकम 48 करोड़ रुपए है. ऐसे में गरियाबंद, जगदलपुर सहित धमतरी में भारतमाला परियोजना के नाम पर घोटाला किया गया होगा तो घोटाले की रकम कई गुना और बढ़ सकती है. ऐसे में जांच का दायरा और बढ़ जाएगा.

भारतमाला परियोजना के लिए किन इलाकों का भू-अर्जन किया जाना है, इसकी जानकारी लीक होने के बाद जमीन दलाल के साथ जमीन कारोबारी भी सक्रिय हो गए. इसके बाद जमीन दलाल और जमीन कारोबारियों ने राजस्व विभाग के अफसर, पटवारी, आरआई से साठगांठ कर किसानों से कम दर पर जमीन खरीदी और उसे टुकड़ों में बांटकर मोटी कमाई की. रायपुर के बाद जिन और नई जगहों पर किए गए भू-अर्जन में रायपुर पैटर्न में ही गड़बड़ी किए जाने की आशंका है.

## एनएसयूआई ने की अवैध बार व क्लबों पर कार्रवाई की मांग



**रायपुर, 11 मई।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश सचिव कुणाल दुबे एवं रायपुर जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान ने राजधानी रायपुर में अवैध रूप से संचालित बार और क्लबों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रायपुर शहर में कई क्लबों द्वारा प्रशासनिक नियमों की अनदेखी करते हुए देर रात तक शराब परोसी जा रही है, जिससे शहर की कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। साथ ही इन क्लबों में बिना आयु सत्यापन के युवाओं को मादक पदार्थों की आपूर्ति भी चिंता का विषय है।

**एनएसयूआई के नेताओं की मांगें:** सभी अवैध क्लबों की जांच हेतु विशेष दल का गठन किया जाए। जो क्लब नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उन पर त्वरित कार्रवाई की जाए। देर रात तक चलने वाली अवैध बारों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। कुणाल दुबे ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए तो एनएसयूआई को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। तारिक अनवर खान ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए प्रशासन को कठोर और प्रभावी कदम उठाने होंगे। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि वे जनहित के मुद्दों पर चुप नहीं बैठेंगे और यदि जरूरत पड़ी तो चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी ज्ञापन देने वालो में जिला सचिव संस्कार पांडेय, विधानसभा महासचिव आशीष बाजपाई, तनिष्क मिश्रा मोजूद रहे।

# 16 मई को नई दिल्ली में देश भर के व्यापारी नेताओं की बैठक




**रायपुर, 11 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों की बैठक कैट के प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षयता कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने की।

अमर पारवानी ने बताया कि कैट उपरोक्त ऑनलाइन कंपनियों के विरोध में राष्ट्रीय स्तर पर आगामी 16 मई को नई दिल्ली में देश भर के व्यापारी नेताओं के साथ बैठक करके ऑनलाइन कंपनियों से अपने व्यापारियों को बचाने हेतु व्यापक अभियान शुरू करने जा रहा है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ मे भी इस अभियान को कैट चलायेगा जिसमें स्वदेशी जागरण मंच पूर्ण सहयोग हमें प्राप्त होगा।

## मधु बनी कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर, 11 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी को नई प्रदेश महिला कार्यकारिणी गठन हेतु अधिकृत किया गया था। पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने मधु अरोरा के नाम का प्रस्ताव प्रदेश महिला अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए मधु अरोरा को छत्तीसगढ़ प्रदेश का महिला अध्यक्ष निर्वाचित किया। यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद (चांदनी चौक, नई दिल्ली) प्रवीण खंडेलवाल की अनुशंसा पर संपन्न हुआ। कैट छत्तीसगढ़ की प्रदेश महिला कार्यकारिणी इस प्रकार हैः प्रदेश अध्यक्षः मधु अरोरा, प्रदेश महामंत्रीः पिंकी अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्षः प्रेरणा भट्ट।



## ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की हुई बहुत बड़ी जीत : साव



**रायपुर, 11 मई।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर निवास में कहा कि, ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की बहुत बड़ी जीत हुई है। पाकिस्तान के अंदर घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। इसमें 100 आतंकियों को मार गिराया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व एवं सक्षम सेना के चलते संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि, ऑपरेशन सिंदूर से पूरी दुनिया के सामने संदेश गया कि, भारत में सिंदूर का क्या महत्व होता है। और भारत आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। भारत पाक के नापाक इरादों को ध्वस्त करने में पूरी तरह सक्षम है। लोगों को यह भी पता चला कि पाकिस्तान की हालत खराब है। पूरी दुनिया में कटोरा लेकर घूम रहा है। साव ने कहा कि, इस अभियान की बड़ी जीत यह है कि भारत पर किसी भी तरह का आतंकवादी हमला देश के खिलाफयुद्ध माना जाएगा। उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए भारत स्वतंत्र होगा। यह बहुत बड़ा निर्णय हुआ है। उप मुख्यमंत्री साव ने छत्तीसगढ़ में अवैध घुसपैठ पर कहा कि, प्रदेश में बांग्लादेश घुसपैठियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। संदिग्ध लोगों की जांच की जा रही है। छत्तीसगढ़ में किसी भी व्यक्ति को पनाह नहीं मिलेगा। यहां संदिग्धों व्यक्तियों का रहना बंद होगा। ऐसे लोगों की जांच के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठन करने का बड़ा फैसला हुआ है।

### प्रदेशभर में बांग्लादेशियों की खोज के लिए चलेगा विशेष अभियान

**रायपुर, 11 मई।** छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत सभी जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जो संदिग्ध व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच करेगी। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। गृह मंत्री विजय शर्मा ने जानकारी दी कि राज्य में अवैध रूप से निवास कर रहे अप्रवासियों और बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे व्यक्तियों की पहचान के लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स गठित की जाएगी, जो जो संदिग्ध व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच कर उनकी पहचान सुनिश्चित करेगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26